## न्यूज ब्रीफ

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार की शाम खेत में पानी लगा रहा किसान दूसरे खेत के किनारे बंधे झटका तार पर गिर गया। करंट का तेज झटका लगने से किसान ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार की शाम शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में हुई। दानियालपुर गांव के रहने वाले नंद किशोर वर्मा 47 अपने खेत में पानी लगा रहे थे। इसी बीच वह बगल के ही खेत के किनारे लगे झटका तार पर गिर गए। उस समय तार में करंट दौड़ रहा था। जब तक आस पास मौजूद लोग उन्हे बचाने का प्रयास करते, किसान ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों से हमला

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सवितापुर मजरे निबहा में पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर मारपीट की गई। थाना पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। दिनेश कुमार ने न्यायालय को बताया कि 13 दिसंबर 2025 की सुबह गांव के ही रमेश चन्द्र पुत्र सुकई, गुड्डी पत्नी रमेश चन्द्र और रिषभ पुत्र रमेश चन्द्र एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोप है कि विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला करने का प्रयास किया। जान बचाने के लिए वह घर के अंदर भागा तो आरोपित जबरन घर में घुस आए और लात-घूंसों व डंडों से प्राणघातक हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिस पर आरोपित जान-माल की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना की सूचना फतेहपुर थाने में दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### राह से भटकी मासूम परिजनों के सुपुर्द

**बाराबंकी, अमृत विचार :** रास्ता भटकर आई 3 वर्षीय बच्ची को मिशन शक्ति केन्द्र थाना बदोसरांय पर नियुक्त टीम द्वारा 3 घण्टे के अन्दर परिजनों का पता लगाकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। बदोसरांय कस्बे से एक 3 वर्षीय बच्ची के कहीं से भटकर आने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर मिशन शक्ति टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए बच्ची को संरक्षण में लिया गया तथा पुलिस टीम ने प्रयास कर बच्ची के परिजनों के सम्बन्ध में जानकारी की तत्पश्चात ज्ञात हुआ कि बच्ची थाना क्षेत्र की ही रहने वाली है। परिजनों से सम्पर्क कर बच्ची को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# कांवरियों के जत्थों से पटी लोधेश्वर महादेवा की नगरी

**आस्था**

रामनगर, बाराबंकी



दूरदराज के जिलों से महादेवा पहुंच रहे कांवारियों के जत्थे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सुप्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा में चल रहे महाशिवरात्रि फागुनी मेले में शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पूरा मेला क्षेत्र 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से शिवमय हो गया है। रंग-बिरंगी झालरों से सजी कांवड़ें श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर कंधों पर कांवर लिए भक्त भूख-प्यास की परवाह किए बिना महादेवा की ओर बढ़ते नजर आए। कांवड़िये पहले बोहनिया के पवित्र सरोवर में स्नान कर मंदिर परिसर पहुंचते हैं। फिर वहां त्रिशूल पर कांवर स्पर्श कराने के बाद भगवान शिव का पूजन-अर्चन व जलाभिषेक कर मनोकामना मांगते हैं। मेला क्षेत्र भगवा रंग में रंगा दिखाई दे रहा है। प्रसाद और पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारी जोरों पर है, वहीं टेंटों में कांवड़िये भक्ति में झूमते और जगह-जगह लगे भंडारों में प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। इसी क्रम में ग्राम मुज्जफरपुर पोस्ट नेवला करसण्डा के महंत आशीष कुमार व छोटे महंत विमलेश कुमार के निर्देशन में लगभग 100 कांवड़ियों का जत्था ब्रह्मकुंड घाट से जलभर 6 फरवरी की शाम करीब 9 बजे कांवर लेकर रवाना हुआ। जत्थे में कलावती, विमला देवी, सुरेश वर्मा, वीरेंद्र कोटेदार, गजराज गौतम, संदीप वर्मा, वीरेंद्र रावत सहित कई श्रद्धालु शामिल रहे, जो बीते 29 वर्षों से लगातार महादेवा आ रहे हैं। कंधों पर कांवर और हाथों में भगवा व तिरंगा झंडा लिए पुरुष, महिलाएं और बच्चे जयकारे लगाते हुए मंदिर की ओर बढ़े, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।



महादेवा के दर्शन को जाते कांवरिये। ● अमृत विचार

# नशीला पदार्थ पिलाकर जंगल में युवती संग दुष्कर्म

## ऑटो चालक ने वारदात को दिया अंजाम, दी जान से मारने की धमकी

**घिनौना कृत्य**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** युवती को घर छोड़ने जा रहे आटो चालक ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाया फिर जंगल में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। मौके पर छूटे मोबाइल पर संपर्क कर परिजन व ग्रामीण मौके पर गए तो उन्हें आटो का सामान मिला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

इस घटना में पीड़ित युवती व आरोपी आटो चालक लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस से की गई शिकायत के अनुसार दुष्कर्म की शिकार हुई युवती ने बताया कि वह अपनी बहन के साथ रोज लखनऊ काम पर जाती है। शुक्रवार को वह परिचित के ही आटो चालक करन साहू निवासी अमेठी पुलिया थाना गोसाईंगंज के साथ अकेले गई व शाम को उसी आटो से वापस लौट रही थी, तभी चालक ने रास्ते में वाहन में पहले से रखी कोल्ड ड्रिंक पिला दी, जिससे वह अचेत हो गई। आरोप है कि आरोपी युवती को सतरिख थाना क्षेत्र अंतर्गत जैशाना जंगल क्षेत्र में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। होश आने पर युवती के शोर मचाने पर आरोपी ने कथित रूप से उसका गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। कुछ लोगों को खेत की ओर आता देख आरोपी घबरा गया और युवती को दोबारा ऑटो में बैठाकर रात करीब 10 बजे उसके घर छोड़ गया। परिजनों से कहा कि वह दवा दिलवाकर लाया है। पीड़िता ने बताया कि घटना के दौरान उसका मोबाइल फोन जंगल में गिर गया था। अगले दिन परिजनों ने फोन मिलाया तो एक व्यक्ति ने उठाया और सुबह आकर ले जाने को कहा।

7 फरवरी की सुबह परिजन बताए गए स्थान पर पहुंचे, जहां से मोबाइल फोन के साथ आटो की मैटी भी बरामद हुई। घटना के चलते उसके शरीर पर चोट के निशान भी हैं। इस बारे में प्रभारी कोतवाल सतरिख अशोक कुमार ने बताया कि घटना संदिग्ध है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश जारी है।

# अवसानेश्वर मंदिर की भव्यता बढ़ाएंगे नए आभूषण

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** अवसानेश्वर महादेव मंदिर से चोरी किया गया चांदी का छत्र व अरघा भले ही चोरों ने गला दिए हों पर अच्छी खबर यह कि मंदिर में अगाध श्रद्धा रखने वाले एक श्रद्धालु ने जहां चांदी का नया छत्र लगवा दिया है, वहीं गली चांदी मिलते ही उसकी मात्रा बढ़ाकर नया व आकर्षक अरघा तैयार करवाया जाएगा।



मंदिर में स्थापित शिवलिंग।

बताते चले कि इस मंदिर से चोरों ने शिवलिंग पर लगा चांदी का छत्र व अरघा चोरी कर लिया था। पुलिस ने चोर को दबोचा पर उससे आभूषण की जगह सोनार के यहां गलवाई गई चांदी ही बरामद हो सकी। कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय के आदेश के बाद बरामद गली हुई चांदी मंदिर प्रबंधन को सुपुर्द की जाएगी। इस बीच मंदिर प्रशासन ने भी आगे की तैयारी शुरू कर दी है। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय गिरि ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद पुलिस ने शीघ्र कार्रवाई कर चांदी बरामद की, जो सराहनीय है। बताया कि एक श्रद्धालु ने मंदिर के लिए नया चांदी का छत्र भेंट कर दिया है। वहीं, बरामद गली चांदी को सुरक्षित रूप से प्राप्त होते ही उसकी मात्रा बढ़ाकर पहले से अधिक भव्य और आकर्षक अरघा तैयार कराया जाएगा। मंदिर समिति का कहना है कि इस कार्य में श्रद्धालुओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।



विदाई समारोह में मौजूद विद्यालय के छात्र व स्टाफ। ● अमृत विचार

# जीवन की नयी शुरुआत है विदाई

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देवा क्षेत्र के बरेठी स्थित महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में रविवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई एवं समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोतवाली देवा के अतिरिक्त निरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह तथा सीईओ आर्यन इंफ्राटेक मनोज यादव ने मां सरस्वती व महाराणा प्रताप सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को अपने परिश्रम पर भरोसा रखने, परीक्षा भय से मुक्त रहने और परिणाम को लेकर किसी पूर्वाग्रह से बचने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य आर.पी. सिंह ने कहा कि यह विदाई अंत नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है। विद्यालय से मिले संस्कार और शिक्षा भविष्य की चुनौतियों में मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। उन्होंने छात्रों से सफल पेशेवर बनने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। विद्यालय प्रबंधक योगेंद्र बहादुर सिंह विसेन ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया और विद्यार्थियों से अनुशासन व परिश्रम के साथ सफलता की राह पर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

# बाबा साहब ने समाज को दिखायी राह

**समीक्षा बैठक**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** रविवार को सांसद आवास में अनुसूचित जाति समाज की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व सांसद पीएल पुनिया, बुंदेलखंड प्रभारी प्रमोद जयतकी व मध्य जोन प्रभारी बृजेश कुमार (भारत यात्री) मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते पूर्व सांसद पीएल पुनिया। ● अमृत विचार

बैठक को संबोधित करते हुए बृजेश कुमार ने कहा कि दलित समाज का आदिकाल से उत्पीड़न होता रहा है, लेकिन आज़ादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने समाज के उत्थान के लिए ईमानदार प्रयास किए। बाबा साहब ने समाज को 'शिक्षित हो, संगठित हो और संघर्ष करो' का संदेश देकर नई दिशा दी। वहीं प्रमोद जयतकी ने कहा कि दलित समाज का वास्तविक उत्थान केवल कांग्रेस पार्टी में ही संभव है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने दलित वोटरों का सौदा बड़े-बड़े साहूकारों से किया। बैठक में पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष विजय पाल गौतम, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम हरख रावत, अशोक बाबा, अजय रावत, बबलू गौतम, संत कुमार एडवोकेट, अभय प्रताप सिंह, अयोध्या प्रसाद गौतम, राजाराम गौतम, अवनीश चौधरी, डॉ. प्रेम नारायण गौतम, आनंद गौतम, ज्ञानेन्द्र गौतम, गोपी कनौजिया, शत्रोहन लाल, राम खेलावन, संतोष कुमार गौतम, जगमोहन रावत, रमेश गौतम, राम भजन गौतम, राहुल एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — नन्हे कदमों के लिए नई शुरुआत, प्री-स्कूल ने जगाई उम्मीद

# प्रारंभिक शिक्षा की ठोस नींव ही बच्चों को देती है दिशा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर में विकास भवन मोड़ के निकट दो वर्ष से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए यूरो किड्स प्री-स्कूल का उद्घाटन नगर पालिका नवाबगंज की अध्यक्ष शीला सिंह ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों की शुरुआती शिक्षा के लिए सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण वातावरण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे संस्थानों की स्थापना से अभिभावकों को यह भरोसा मिलता है कि उनके नन्हे बच्चे देखभाल और सीखने के बेहतर माहौल में अपने पहले कदम रख सकेंगे।



नपा अध्यक्ष का स्वागत करतीं संस्था पदाधिकारी। ● अमृत विचार

उन्होंने विद्यालय परिसर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षित फर्श और अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है, ताकि बच्चे बिना डर-संकोच के सीखने और खेलने की प्रक्रिया का आनंद ले सकें। उनका कहना था कि प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव ही आगे की पढ़ाई को दिशा देती है। संस्थान से जुड़ी श्रद्धा मोहिनानी ने बताया कि यह प्री-स्कूल यूरेका आधारित पाठ्यक्रम पर संचालित होगा, जिससे बच्चों के बौद्धिक, रचनात्मक और भावनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के स्कूल अब तक बड़े-बड़े महानगरों मुंबई, दिल्ली और लखनऊ में संचालित हो रहे थे, लेकिन बच्चों से लगाव और जिले के प्रति जिम्मेदारी के भाव से इसकी शुरुआत बाराबंकी जैसे छोटे जिले से की गई है, ताकि यहां के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सके। कार्यक्रम में सभासद ताज बाबा राइन, अमन वर्मा, अभिभावक तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# दुकान के अंदर मृत मिला दुकानदार

संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शहर कोतवाली क्षेत्र की बंकी बाजार स्थित पुराने नगर पंचायत कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित रिंकू कॉस्मेटिक के संचालक रिंकू का शव रविवार सुबह उनकी दुकान के अंदर मिला। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार रिंकू (35) रोजाना सुबह दुकान खोलते थे, लेकिन रविवार को काफी देर तक उनकी दुकान नहीं खुली। आसपास के दुकानदारों को शक हुआ तो उन्होंने जानकारी की। चूंकि रिंकू दुकान के अंदर ही रहते थे और यह बात स्थानीय लोगों को मालूम थी, इसलिए शटर उठाकर अंदर देखा गया। अंदर रिंकू मृत अवस्था में मिले। स्थानीय लोगों के मुताबिक रिंकू अस्थमा के मरीज थे। आशंका जताई जा रही है कि बीमारी के चलते उनकी मौत हुई हो सकती है। हालांकि वास्तविक कारण का पता पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा।

बताया जा रहा कि रिंकू पांच भाइयों में चौथे नंबर पर और अविवाहित थे। मूल रूप से विजय नगर के निवासी रिंकू ने बंकी बाजार में दुकान और उसके पीछे मकान खरीदा था और वह यहीं रहकर व्यवसाय करते थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### हैंडबॉल प्रतियोगिता में उर्मिला महाविद्यालय जीता



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते एसडीएम कार्तिकेय सिंह। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** साईं ग्रुप ऑफ कॉलेज में विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष एवं महिला वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध दर्जनों महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। महिला वर्ग में पहला मुकाबला उर्मिला देवी महाविद्यालय और साईं पीजी कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें उर्मिला देवी की टीम ने 15-13 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में उर्मिला देवी महाविद्यालय ने अवध विश्वविद्यालय को पराजित कर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया, जबकि अवध विश्वविद्यालय उपविजेता रहा। पुरुष वर्ग में पहला मैच रामनगर पीजी कॉलेज और साईं महाविद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें साईं महाविद्यालय ने 13-7 से विजय प्राप्त की। फाइनल मुकाबले में उर्मिला महाविद्यालय ने अवध विश्वविद्यालय कैंपस को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया, जबकि अवध विश्वविद्यालय उपविजेता रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक विपिन राठौर ने खिलाड़ियों का स्वागत कर उन्हें भविष्य में ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतने को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. दिनेश शुक्ला की मौजूदगी में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पर्यवेक्षक डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. शिवकरन सिंह व डॉ. अनुराग पांडे ने खिलाड़ियों के कौशल का निरीक्षण कर चयन प्रक्रिया पूरी की। प्रतियोगिता के संचालन में निर्णायक अरविंद यादव, कुमार मंगलम, सचिन यादव, प्रदीप यादव, श्रद्धा वर्मा, नैंसी, धीरेंद्र वर्मा व स्वाति चौहान की भूमिका रही। खिलाड़ियों में शगुन, नाहिदा व अनामिका सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### राजकीय वाहन चालक महासंघ की जिला इकाई गठित



शपथ लेते नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय वाहन चालक महासंघ उत्तर प्रदेश की बाराबंकी इकाई का गठन तहसील नवाबगंज के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी, विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी तथा विकास भवन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खान ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन हास्य व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने किया। समाजसेवी व रत्नेश कुमार ने भी कार्यकारिणी को बधाई दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष नंदकिशोर (चिकित्सा विभाग), मंत्री विनोद कुमार, सहदेव सोनकर, सर्वेश श्रीवास्तव व मोहम्मद उस्साक खां प्रमुख रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त वाहन चालकों पवन कुमार शुक्ला, चंद्रिका प्रसाद और भग्गन प्रसाद को भावभीनी विदाई दी गई। प्रदेश अध्यक्ष रिजवान अहमद सिद्दीकी ने बताया कि वाहन चालक पदनाम में संशोधन कर "वाहन सारथी करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। गठित जिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पारस पाठक, जिला मंत्री फूलचंद, संयुक्त मंत्री विजय कुमार गोस्वामी, संगठन मंत्री गोकर्णनाथ मिश्रा, उप मंत्री राम लखन वर्मा, कोषाध्यक्ष रामनारायण वर्मा, प्रचार मंत्री मुनीर अहमद, संस्कृति मंत्री मोहम्मद कामिल, ऑडिटर लाल कुमार वर्मा व संरक्षक सैयद हसन मेहंदी को मनोनीत किया गया।

### सीएम के आगमन के मद्देनजर किया निरीक्षण



कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते एसपी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने 11 फरवरी को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। बाराबंकी में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा बाबा बलरामदास कुटी ग्राम दुल्हदेपुर थाना टिकैतनगर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### आधुनिक मत्स्य पालन फार्म का उद्घाटन



मत्स्य पालन फार्म का उद्घाटन करते जिला मत्स्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** मछली पालन किसानों के लिए कम लागत और अधिक मुनाफे वाला व्यवसाय बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 40 से 50 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य पालन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रविवार को ग्राम पंचायत बांसा निवासी खालिक अंसारी द्वारा लगभग चार एकड़ भूमि पर स्थापित मत्स्य पालन फार्म का उद्घाटन जिला मत्स्य अधिकारी अच्छेलाल निषाद ने किया। मछली चिकित्सक डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि बायोफ्लॉक तकनीक नीली क्रांति को गति दे रही है। इस अवसर पर एबिश फिश कंपनी के रीजनल मैनेजर राजेश मिश्रा, रंजन कुमार, हिमांशु, ब्रजेश कुमार (मत्स्य पाल), समाजसेवी मतलूब अंसारी, विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय, ग्राम प्रधान मुबीन सिकंदर, अनिल वर्मा, इरशाद अंसारी, कामिल खान, इमरान किदवई, इरशाद मलिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### राज्य मंत्री की ताई का निधन, शोक की लहर



राज्यमंत्री साथ में शोक जताने पहुंचे जनप्रतिनिधि व अन्य। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** राज्यमंत्री सतीश शर्मा की ताई सुशीला शर्मा (निवासी नसीपुर) का गंभीर बीमारी के चलते रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा, जबकि शुभचिंतकों और समर्थकों का लगातार आना-जाना लगा रहा। शोक व्यक्त करने व अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान अनुसूचित जनजाति अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा, विधायक दिनेश रावत, जिला अध्यक्ष राम भूलन वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, जवाहर लाल वर्मा, जगदीश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख चन्द्र शेखर वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

## पति की प्रताड़ना से तंग महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**नबावगंज, अमृत विचार।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी रीना (35) पत्नी पृथ्वीपाल शनिवार देर रात शराब के लती पति की मारपीट से परेशान होकर कमरा बंदकर फांसी लगाने जा रही थी। मां के दरवाजा बंद करने से परेशान 7 वर्षीय बेटा दौड़कर थाने पहुंचा और पुलिस को रोते हुए इसकी जानकारी दी। इस पर आरक्षी राजेंद्र व धर्मेंद्र बच्चे के साथ आनन-फानन मौके पर पहुंचे। सिपाहियों ने दरवाजा तोड़ महिला को बचा लिया।

## श्री बलि वामन भगवान का प्रसंग सुनाया

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कंचन नगर स्थित मां वैष्णों जूनियर हाईस्कूल परिसर में श्री ममतामयी मंडल परिवार के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कथा व्यास द्वारा प्रस्तुत श्री बलि वामन भगवान प्रसंग एवं श्री जड़ भरत की कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा वाचक वल्लभचरणाश्रित केशव देव भक्तमाली जी महाराज ने कहा कि भगवान विष्णु ने माता अदिति के गर्भ से वामन रूप में अवतार लेकर देवराज इंद्र का खोया हुआ राज्य पुनः दिलाया। उन्होंने बताया कि राजा बलि अत्यंत दानी एवं धर्मपरायण थे, किंतु उनके भीतर अपनी शक्ति का सूक्ष्म अहंकार था। वामन देव ब्राह्मण रूप में बलि की यज्ञशाला पहुंचे और मात्र तीन पग भूमि दान में मांगी। प्रथम पग में पृथ्वी लोक, द्वितीय पग में स्वर्ग और समस्त ब्रह्मांड नाप लिया। तीसरे पग के लिए स्थान न बचने पर राजा बलि ने अपना मस्तक प्रभु के चरणों में समर्पित कर दिया। उनकी इस शरणागति से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें सुतल लोक का राजा बनाया और स्वयं द्वारपाल बने।

# डंपर की टक्कर से मां की मौत, बेटा घायल

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर पावर हाउस के सामने हुआ हादसा, बीमार पिता से मिलने आए थे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर पावर हाउस के सामने तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें पीछे बैठी मां की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा बेटा गंभीर घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेमो पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा आगे की कार्रवाई शुरू की है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के भौली गांव निवासी सरिता सविता (45) पत्नी संजय अपने बेटे शिवम (25) के साथ रविवार को सदर कोतवाली अंतर्गत गिरिजाबाग मोहल्ला निवासी अपने बीमार पिता हरिशंकर से मिलने आ रही थी। तभी दही थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाइवे पर पावर हाउस के सामने तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। उछलकर सड़क में गिरने से मां-बेटा गंभीर घायल हो गए। लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सरिता को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवम के दोनों पैरों में गंभीर चोट आने से उसका इलाज किया जा रहा है। टक्कर मारने के बाद चालक डंपर हाइवे में छोड़कर भाग निकला। जिसे पुलिस ने थाने में खड़ा कराया है। वहीं मां की मौत से बेटे बेटे शिवम, शुभम व सनी बेहाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कार्रवाई शुरू की है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि डंपर को सीज कर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



पीएम हाउस में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल

**नवाबगंज, अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रायसिंह खेड़ा निवासी संतोष (30) पुत्र राम प्रसाद, अपने साथी मनोज (28) पुत्र अर्जुन के साथ बाइक से लखनऊ गए थे। संतोष अपने पिता के लिए दवा लेने लखनऊ गया था। रविवार दोपहर में जब दोनों वापस घर लौट रहे थे, तभी आशाखेड़ा के पास पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित वाहन ने टक्कर मार दी बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने मनोज की हालत गंभीर बताई। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, संतोष का इलाज सीएचसी में चल रहा है।



छात्र सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्ज्वलित करते प्रबंधक व प्रधानाचार्या।

## पूर्व छात्र सम्मेलन में संस्कृति व संस्कारों पर जोर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे की वंदना व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि अमरजीत (विभाग प्रचारक), प्रबंधक राकेश कुमार, नगर प्रचारक शिवम तथा अध्यक्ष कैप्टन राहुल तिवारी ने पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। पूर्व छात्र व प्रवक्ता जितेंद्र ने कहा कि पुरातन छात्रों को विद्यालय से जोड़े रखना बड़ी चुनौती है, इसके लिए एक जिम्मेदार आचार्य की भूमिका महत्वपूर्ण है। विभाग प्रचारक अमरजीत ने संस्कृति व संस्कारों के संरक्षण पर बल देते हुए विवेकानंद, डॉ. हेडगेवार व पं. मालवीय के विचार साझा किए। उन्होंने पंच परिवर्तन पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्व जागरण व नागरिक कर्तव्य पर अमल का आह्वान किया। अंत में वरिष्ठ प्रवक्ता शिव सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन विश्वनाथ तिवारी ने किया।

# प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की उन्नाव शाखा के संयोजन में रविवार को पीडब्ल्यूडी परिसर स्थित गायत्री मंदिर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार में आयोजित विशेष समारोह में प्रतिभाग कर लौटे जनपद के परिजनों को सम्मानित किया गया। जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह एवं स्वागताध्यक्ष विनोद शुक्ल ने बताया कि उन्नाव से लल्लू मास्टर, आशू यादव, राजेंद्र प्रताप सिंह, जयशंकर प्रसाद श्रीवास्तव, महेंद्र शंकर श्रीवास्तव, सुरेश मिश्रा, नीलम सिंह, सरोज प्रजापति, मालती सिंह सहित कई परिजन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। समारोह में सभी ने अपने अनुभव एवं अनुभूतियां साझा कीं तथा मिशन की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। इस अवसर पर वरिष्ठ साधक प्रशांत पटनायक ने शांतिकुंज से लौटे 55 परिजनों को मंत्र पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया। मंदिर व्यवस्थापक दुर्गा प्रसाद, ओम प्रकाश, अनिल कुमार शुक्ला, गौरव शुक्ला, राजकरन यादव, प्रशांत शुक्ला, कमल सोनी, यदुनन्दन सिंह, ओमप्रकाश यादव, पुष्पा अवस्थी, अर्चना यादव, सुमनलता निगम, शशि सिंह, प्रतिभा प्रजापति, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



मंत्र पत्रिका के साथ सम्मानित गायत्री परिवार के सदस्य। अमृत विचार

# सीएमओ ने पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

लगाई फटकार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का रविवार दोपहर प्रभारी सीएमओ डॉ. हरिनंदन सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोल्ड चेन कक्ष में फैली गंदगी देख उन्होंने प्रभारी अबरार को कड़ी फटकार लगाई और साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। भवन की जर्जर स्थिति पर भी चिंता जताई। केंद्र परिसर के पीछे लगे पेड़ों की टूटकर गिर रही डालियों को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग को पत्र लिखने की बात कही।

सीएमओ ने ओपीडी, ड्रग स्टोर का निरीक्षण किया तथा मौजूद मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कुछ मरीजों ने डॉक्टरों के देर से आने की शिकायत की, जिस पर उन्होंने समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इसके बाद वह ब्रह्म नगर स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर पहुंचे, जहां साफ-सफाई और ओपीडी व्यवस्था का जायजा लिया। कम रोशनी की समस्या पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। अधिकारी ने कहा कि काम में लापरवाही किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जायेगी। लापरवाह कर्मचारी पर कार्रवाई की जायेगी। निरीक्षण के दौरान पीएचसी में डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. अर्चना, डॉ. अमित कुमार, अवनीश, सिद्धार्थ सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**कैंसर व टीबी स्क्रीनिंग शिविर की देखी हकीकतः** पीएचसी निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और टीबी स्क्रीनिंग शिविर का भी जायजा लिया। उन्होंने जनपद में सौ दिवसीय विशेष स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत शुक्लागंज से की गई। पहले दिन आयोजित शिविर में स्वास्थ्य टीमों ने महिलाओं सहित अन्य लोगों की जांच की। कैंसर व टीबी की संभावित पहचान के लिए आवश्यक परीक्षण किए गए। हालांकि पहले दिन की जांच में कोई भी संदिग्ध मरीज नहीं मिला।



पीएचसी का निरीक्षण करते प्रभारी सीएमओ। अमृत विचार

# महिला हेल्प डेस्क की पहल से 21 दंपतियों का टूटा रिश्ता जुड़ा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** एएसपी जयप्रकाश सिंह के निर्देश पर जिले विभिन्न थानों में संचालित महिला हेल्प डेस्क ने सराहनीय पहल करते हुए पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों का निस्तारण कराया। हेल्पडेस्क व परिवार परामर्शदाताओं के संयुक्त प्रयास से रविवार को 21 विवादित दंपतियों की काउंसलिंग कर उनके परिवारों को टूटने से बचाया। परिवार परामर्श समिति एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर आपसी मतभेद समाप्त कराए। काउंसलिंग के उपरांत सभी दंपतियों को बिना किसी विवाद के साथ रहने के वादे के साथ महिला थाना से 8, सोहरामऊ, बांगरमऊ कोतवाली से 3-3, अचलगंज से 2, आसीवन, पुरवा, सफीपुर, बारासगवर व सदर कोतवाली से 1-1 जोड़े एक साथ घर को रवाना हुए। काउंसलिंग में परिवार परामर्श समिति के प्रभारी आशीष श्रीवास्तव तथा सलाहकार मनीष सिंह सेंगर, अवसार अली, सगीर अहमद सहित महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रेखा सिंह सहित उप निरीक्षक कंचन सिंह, रेखा देवी तथा महिला कांस्टेबल पूजा, मीनू, नीतू, शालिनी, शकुंतला, तरुण, पूनम, रंजना, सुहावना व सेविका की अहम भूमिका रही।

# टोल प्लाजा पर 90 कर्मियों ने सीखा दक्षता का पाठ

विशेष प्रशिक्षण

नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों की सुरक्षा और टोल संचालन को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नवाबगंज स्थित टोल प्लाजा पर कार्यरत 90 टोल कर्मियों के लिए आयोजित छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

यह प्रशिक्षण हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। मंगलवार से शुरू हुए इस छह दिवसीय सत्र में प्रशिक्षक अरुण कुमार सिंह ने कर्मियों को टोल संचालन की बारीकियों से अवगत कराया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य टोल कर्मियों को यात्रियों के साथ शालीन व्यवहार करने और तनावपूर्ण स्थितियों में भी धैर्य बनाए रखने के लिए तैयार करना था। दुर्घटना या आपात स्थिति में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी। वाहनों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करना ताकि जाम की स्थिति न बने। कार्यस्थल पर निर्धारित नियमों का पालन और जिम्मेदारी का निर्वहन। टोल प्लाजा पर सुरक्षा उपकरणों और बुनियादी ढांचे का सही रखरखाव। प्रशिक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि टोल प्लाजा पर कार्यरत कर्मचारियों की सतर्कता न केवल उनकी स्वयं की सुरक्षा के लिए जरूरी है, बल्कि यह यात्रियों के भरोसे को भी बढ़ाती है। आयोजकों के अनुसार, इस तरह के प्रशिक्षण से टोल संचालन में पारदर्शिता आएगी और विवादों में कमी आएगी। एनएचएआई की योजना भविष्य में भी इस तरह के रिफ्रेशर कोर्स आयोजित करने की है, ताकि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और सुव्यवस्थित अनुभव मिल सके।



प्रशिक्षण में मौजूद टोल कर्मी। अमृत विचार

## सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगानगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव सोमवार को शाम आयोजित किया जाएगा। जिसमें वर्षभर की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सहगामी गतिविधियों की प्रस्तुति दी जाएगी। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जो आकर्षण का केंद्र होंगे। समारोह के मुख्य अतिथि श्री हरेंद्र श्रीवास्तव (अध्यक्ष, भा. शि. समिति उ.प्र.) रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कुमार श्रीवास्तव करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में सुरेश सिंह, उत्तम कुमार मिश्र एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। यह जानकारी प्रबंधक राकेश कुमार और प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## इंटर के छात्रों का विदाई समारोह संपन्न



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं कक्षा 11 की छात्राएं। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** चंद्र शेखर आज़ाद ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदा और सुमैया द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। प्रधानाचार्य मोहम्मद सैफ और मोहम्मद कैफ ने विद्यार्थियों को जीवन में परिश्रम, अनुशासन और संस्कारों के महत्व पर प्रेरक विचार व्यक्त किए। समारोह में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कक्षा 12 के छात्रों ने अपने विद्यालयी अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार जताया। अंत में प्रिंसिपल सबिया खातून ने विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वास्थ्य मेले में 79 मरीजों का हुआ परीक्षण



पीएचसी स्वास्थ्य मेले में मौजूद मरीज। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। इसके अलावा डॉ. अक्षय कुमार, डॉ. रश्मि वर्मा, डॉ. अर्चना गुप्ता, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 79 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ बाजपेई, अभिषेक अवस्थी, आलोक मिश्रा, विपिन पांडेय मौजूद रहे।

# हारे के सहारे के जयकारों से गूंज उठा शहर

उमड़ी आस्था

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार को खाटू श्याम भक्तों द्वारा दशम निशान शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। भक्ति और उल्लास के इस संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिससे पूरा शहर श्याममय नजर आया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर के ऐतिहासिक माता दीन शाह मंदिर से हुआ। यहां बाबा श्याम के निशान (ध्वज) का पूजन अर्चन करने के बाद भक्तों का कारवां अन्नपूर्णा मंदिर की ओर रवाना हुआ। हाथों में रंग-बिरंगे निशान ध्वज थामे श्रद्धालु बाबा की भक्ति में सराबोर दिखे। यात्रा के पूरे मार्ग में हारे के सहारे बाबा श्याम हमारे और जय श्री श्याम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। भजन-कीर्तन की धुन पर भक्त झूमते-नाचते नजर आए। शहरवासियों ने जगह-जगह यात्रा पर पुष्प वर्षा की। सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा भक्तों के लिए जलपान एवं प्रसाद वितरण के स्टाल लगाए गए। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे हजारों की भीड़ के बावजूद यात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। कार्यक्रम में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में भक्तों का जमावड़ा देखा गया।

आयोजन को सफल बनाने में मुकुल अग्रवाल, जितेंद्र दीक्षित (जीतू), अंकुर अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, बल्लू गुप्ता, विनय गुप्ता, सत्येंद्र दीक्षित, विवेक गुप्ता, धर्मेन्द्र दीक्षित, संजय गुप्ता, शशांक निगम, कमल मिश्रा, अशोक गुप्ता, अंकित गुप्ता, अमित गुप्ता और गोपाल गुप्ता सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी मौजूद रहे।



बाबा खाटू श्याम का रथ खींचते भक्त। अमृत विचार

# पेड़ पर फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**नबावगंज, अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र निवासी युवक का शव उसके गांव के बाहर पेड़ पर फंदे से लटका देख लोगो में सनसनी फैल गई। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव देख कर बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है।



सोहरामऊ थाना क्षेत्र के नोखेलाल खेड़ा गांव निवासी लवकुश (22) पुत्र सोहन लाल का शव रविवार सुबह गांव से करीब 500 मीटर आगे पड़ोसी रामनारायण के बाग में लगे पेड़ पर मुफलर के फंदे से लटका देख लोगो की भीड़ एकत्र हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव देख कर बेहाल हो गए। बहनोई संतोष लोध ने बताया कि लवकुश बीती रात करीब साढ़े बारह बजे बिना बताए घर से निकला था। सुबह उसका शव लटका मिला। बताया वो अपने पिता के साथ खेती-किसानी का काम में हाथ बंटाता था। वह पांच बहनों में अकेला था। मां समेत बहनें पूनम, पुष्पा देवी, चांदनी, शैलू व रूपा का बुरा हाल है। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया युवक के फंदे से लटक कर जान देने की सूचना मिली है।

# कराटे में काजल ने जीता सिल्वर मेडल

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** कहते हैं कि अगर इरादे फौलादी हों तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। विकासखंड नवाबगंज की बेटी काजल ने इस बात को सच कर दिखाया है। गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में काजल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ब्लैक बेल्ट सेकंड डिग्री वर्ग में सिल्वर मेडल पाकर द्वितीय स्थान हासिल किया है। काजल की यह जीत केवल एक मेडल नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष का परिणाम है। उनके पिता दिनेश और माता सीमा देवी (आशा वर्कर) ने तंगहाली के बावजूद अपनी बेटी के सपनों को पंख दिए। 2011 में सोहनखेड़ा से नवाबगंज आकर बसे इस परिवार को शुरुआती दिनों में कई सामाजिक चुनौतियों और रिश्तेदारों के तानों का सामना करना पड़ा, लेकिन काजल और उनकी मां ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। काजल की कर्मठता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सितंबर 2025 में रानी लक्ष्मीबाई बालिका शिक्षा योजना के तहत सरकारी नौकरी मिलने के बाद भी उन्होंने अपने खेल अभ्यास को नहीं छोड़ा। वह ड्यूटी के साथ-साथ रोजाना घंटों कराटे का अभ्यास करती रहीं, जिसका फल आज उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिला है। अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां व गुरु को देते हुए काजल ने कहा यह तो बस शुरुआत है।




प्रमाणपत्र व मेडल के साथ काजल व उसकी मां सीमा देवी। अमृत विचार

# गंगाघाट के 20 हिस्ट्रीशीटर लापता, तलाश हुई तेज

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस ने हिस्ट्रीशीटरों की सघन जांच अभियान शुरू किया है। क्षेत्र में चिन्हित अपराधियों की वर्तमान स्थिति, गतिविधियों और लोकेशन की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के दौरान चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है कि 20 हिस्ट्रीशीटरों का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। पुलिस ने इन्हें लापता मानते हुए तलाश तेज कर दी है। पुलिस अभिलेखों के अनुसार गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में कुल 159 हिस्ट्रीशीटर दर्ज हैं। इनमें से एक की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 13 अपराधी विभिन्न मामलों में जेल में बंद हैं। शेष 125 हिस्ट्रीशीटर क्षेत्र में सक्रिय बताए जा रहे हैं। हालांकि 20 ऐसे हैं, जिनकी वर्तमान स्थिति अज्ञात है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि हिस्ट्रीशीटरों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। साथ ही सक्रिय अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## दल की नीतियों को जनजन तक पहुंचाएं

**उन्नाव, अमृत विचार।** अपना दल (एस) की बैठक बुद्ध विहार पार्क गदनखेड़ा में जिला अध्यक्ष अमरेश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष लखनऊ परिक्षेत्र अमरेश पटेल ने पार्टी संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ताओं की सहमति से जिला कमेटी एवं विभिन्न मंचों के अध्यक्षों का गठन पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही छह में से तीन विधानसभाओं में अध्यक्षों की नियुक्ति भी कर दी गई है। बैठक में सक्रिय सदस्यता अभियान तेज करने तथा जोन, सेक्टर और बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करने पर बल दिया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने पंचायत चुनाव को देखते हुए संभावित प्रत्याशियों की तलाश और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक का संचालन डॉ. राजेश पाल ने किया।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से भाभी की मौत और देवर घायल

**औरास, उन्नाव।** बाइक से घर लौट रहे देवर-भाभी को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल हालात में उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलने के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। आसीवन थाना क्षेत्र के गौराकलां गांव निवासी नीलम दीक्षित (48) पत्नी उपेंद्र रविवार देर शाम अपने देवर जितेंद्र के साथ लखनऊ से लौट रही थीं। तभी थाना क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन पर नेहरा बाबा के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में नीलम व जितेंद्र गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के सीएचसी औरास लाया गया। जहां डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते पहुंचे परिजन शव देख कर बिलख उठे। परिजनों के मुताबिक नीलम के दो बच्चों में एक बेटा व एक बेटी है। मां की मौत से उनका रो-रोकर कर बुरा हाल है। बताया कि वह देवर के साथ ससुर के निधन के बाद आयोजित शांति पाठ में शामिल होकर लौट रही थी। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया शव मोर्चरी भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**न्यूज ब्रीफ**

### आज से शुरू होगी श्रीराम कथा

**औरास, उन्नाव।** विकासखंड के गुप्तेश्वर धाम में श्रीराम कथा और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ आचार्य के सानिध्य में सोमवार को होगा। विकासखंड औरास के पुरथ्यावां गांव में बने गुप्तेश्वर धाम में श्री गुप्तेश्वर महादेव सेवा आश्रम माध्यमिक संस्कृत विद्यालय समिति के तत्वाधान में सोमवार को स्वामी प्रताप चेतन ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में श्रीराम कथा होना सुनिश्चित हुआ है यह कथा चार दिवसीय होगी श्रीराम कथा के उपरांत शनिवार को वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी जिसमें महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया है जो प्रभु इच्छा तक निरंतर चलता रहेगा।

### सड़क हादसे में चाचा-भतीजी हुए घायल

**सफीपुर, उन्नाव अमृत विचार।** माखी थाना क्षेत्र के कंजौर गांव के मजरा तोरियारा निवासी रामशंकर (48) पुत्र जगनू प्रसाद रविवार सुबह बाइक से भतीजी आरती (35) पत्नी विकास को लेकर रसूलाबाद कस्बा निवासी रिश्तेदार के यहां मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। चकलवंशी-संडीला मार्ग के मेथीटिकुर रेलवे क्रासिंग के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार कर भाग निकला। हादसे में चाचा भतीजी घायल हो गये। जिन्हें एंबुलेंस से सफीपुर सीएचसी लाया गया। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### भाई से विवाद के बाद युवक ने खाया जहर

**सफीपुर, अमृत विचार।** बबर अली खेड़ा निवासी अजय (25), पुत्र रामबालक का रविवार शाम अपने बड़े भाई पूर्ण कुमार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि अजय मानसिक रूप से आहत हो गया। इसी आवेश में आकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर पहुंचे। डॉक्टर ने अजय की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# लोधेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए निकले सैकड़ों कांवड़िये

## कांवड़ में जल भरकर करीब 170 किमी चलकर महादेवा पहुंचेंगे श्रद्धालु

**संवाददाता, परियर, उन्नाव**


लोधेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना होती कांवड़ियों की टोली। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मरौंदा मझवारा और मरौंदा सूचित गांव के श्रद्धालुओं ने रविवार सुबह बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ 200 कांवड़ियों की टोली बाराबंकी स्थित प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेव महादेवा मंदिर के लिए रवाना हुई।

टोली के महंत कमलेश ने बताया कि इस दल की 40वीं वार्षिक कांवड़ यात्रा है। यात्रा का शुभारंभ परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और संकल्प के साथ हुआ। यहां से स्थानीय गंगा तट से जल भरकर कांवड़िए करीब 170 किलोमीटर दूर स्थित लोधेश्वर महादेव के लिए पैदल निकले हैं। इस यात्रा की सबसे खास बात इसका कड़ा अनुशासन है। महंत कमलेश ने बताया कि यात्रा के दौरान यदि किसी भी कांवड़िए से कोई भूल या गलती होती है, तो महंत द्वारा उसे दंड दिया जाता है। दल के सभी सदस्यों के लिए महंत का निर्णय सर्वमान्य होता है, जो यात्रा की पवित्रता और मर्यादा को बनाए रखता है। कांवड़िया ज्ञानेंद्र सिंह, अजय, ब्रजेश और राहुल सहित अन्य साथियों ने बताया कि परियर से महादेवा पहुंचने में टोली को लगभग 40 से 45 घंटे का समय लगता है। यात्रा के दौरान डीजे और ढोल की थाप पर युवा श्रद्धालु नाचते-झूमते भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए। जलाभिषेक और विशेष पूजा के बाद सभी श्रद्धालु वहां विश्राम करेंगे और अगले दिन महादेव का प्रसाद लेकर अपने घरों को लौटेंगे। इस यात्रा में अजीत, अजय यादव, अमित, अखिलेश, अवधेश, राजेश, सौरभ, पिल्लू, धर्मसिंह, सर्वेश, मचल सिंह, सतेंद्र यादव, रघुवीर, मनोज, विपिन, बउवा, विकास, विवेक, विकास वर्मा, सतेंद्र, श्यामजी यादव, रामजी, शोभित, शशिकांत, संदीप, रंजीत, हिमांशु, शत्रुघ्न, मांशु, सूरज, रामजी, जसकरण, प्रवीन सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता, रिपोर्ट

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता लापता हो गई। पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर तलाश शुरू की है। क्षेत्र निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 25 नवंबर-2025 को लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र निवासी युवती से हुआ था। आरोप लगाया कि उसकी पत्नी किसी व्यक्ति से मोबाइल पर बात करती थी। बताया कि उसके पास फोन नहीं था, लेकिन घर के अन्य सदस्यों का मोबाइल से बात कर कॉल डिलीट कर देती थी। बीती 5 फरवरी की शाम पत्नी बिना किसी को बताए घर से चली गई। पति ने आशंका जताई है कि जिस व्यक्ति से वह बात करती थी। वहीं उसको बहलाकर ले गया है। कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि पति की तहरीर के पर रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है। सभी पहलुओं की भी जांच की जा रही है।



छात्र को पुरस्कृत करती विद्यालय की अध्यक्ष सूबिया बानो। अमृत विचार

### स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार।** गंजमुरादाबाद स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके सामान्य ज्ञान को परखने के लिए एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में विद्यालय परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के दौरान प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा ट्रॉफी और लंच बॉक्स देकर सम्मानित किया गया विजेताओं में मोहम्मद अयान (कक्षा 1), अंशराज वर्मा (कक्षा 2), कुणाल राठौड़ (कक्षा 5), शिवम (कक्षा 11), विद्यालय की अध्यक्ष सूबिया बानो और प्रधानाचार्य आदर्श कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से मेधावियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर सूबिया बानो ने बच्चों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के ज्ञान और आत्मविश्वास में वृद्धि करती हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आदर्श कुमार पांडेय, अशोक शर्मा, आशीष यादव आदि मौजूद रहे।

# नाली के पानी के विवाद में मारपीट, तीन पर केस दर्ज

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम जरौली शेरपुर में नाली के पानी को लेकर हुए विवाद में मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित हकीमुद्दीन पुत्र समशाद निवासी ग्राम जरौली शेरपुर ने कोतवाली बिलग्राम में प्रार्थना पत्र देकर अपने ही परिवार के सदस्यों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

पीड़ित के अनुसार छह फरवरी को दिन करीब दो बजे नाली के पानी को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विपक्षी चन्दू पुत्र समशाद, नजमुद्दीन पुत्र समशाद और अमरीन पत्नी नजमुद्दीन ने भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लात-घूंसों से मारपीट की गई, जिससे पीड़ित के हाथ (बांह) में चोट आई। आरोप है कि चन्दू द्वारा डंडे से भी हमला किया गया। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पूरी जानकारी पुलिस को दी। मामले में प्रभारी निरीक्षक के आदेश पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# अलग-अलग स्थानों पर तीन ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**संवाददाता, हरदोई**


मृतक अमित, रामरूप व आनंद की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** अलग-अलग क्षेत्रों में तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में शराब के नशे में बेटे ने पिता के साथ गाली-गलौज के बाद फांसी लगा ली। वहीं कोतवाली क्षेत्र निवासी अधेड़ ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। एक अन्य घटन में बिलग्राम में फास्ट फूड दुकान संचालक ने दुकान के अंदर ही फांसी लगाकर जान दे दी।

पहली घटना में शाहाबाद कोतवाली के बरौनिया मजरा कपूरपुर बहोरवा निवासी 30 वर्षीय अमित पुत्र लालाराम शनिवार को शाहाबाद की बाज़ार गया था। जहां उसने शराब पी और वापस लौट आया। बताते है कि अमित खेत पर पहुंचा, वहां उसने पिता को काफी गाली-गलौज की, उसके बाद अपनी शर्ट उतारी और उसी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता लालाराम ने बताया कि उसकी बहू रेनू छोटे बेटे रितेश को साथ लेकर बीमार पिता को देखने मायके भीखमपुर थाना मोहम्मदी ज़िला लखीमपुर खीरी गई हुई थी। अमित बाज़ार गया और वहीं से शराब पीकर वापस लौटा, लेकिन घर नहीं पहुंचा। उधर से ही बाबूराम के खेत पर पहुंच कर फांसी लगा ली।

दूसरी घटना में शाहाबाद कोतवाली के नरहाई मजरा गौटिया निवासी रामरूप (50) ने शादी नहीं की थी, वह बैंड पार्टी में जोकर का किरदार निभाकर उसी से गुज़र करता था। छोटे भाई भगवान दास ने बताया कि रामरूप शनिवार की सुबह घर से निकला, उसके बाद सारे दिन वापस नहीं लौटा। शाम को उसका शव अवनीश के बाग़ में दुपट्टे से फांसी पर लटका हुआ देखा गया। बताया गया कि रामरूप शराब का लती था, आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

तीसरी घटना में बिलग्राम-साण्डी मार्ग स्थित उद्योग गली चौराहे के सामने रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक फास्ट फूड की दुकान के अंदर युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान आनंद प्रजापति (25) पुत्र गोकुल प्रसाद के रूप में हुई है। वह मूल रूप से ग्राम बिराईच मऊ, थाना माधोगंज का रहने वाला था, लेकिन पिछले करीब 20 वर्षों से उद्योग गली चौराहे पर परिवार के साथ रह रहा था। आनंद उद्योग गली के सामने "बाबा फास्ट फूड के नाम से ठेली/दुकान लगाता था और रोज की तरह रात में दुकान के अंदर ही सोया हुआ था। रविवार सुबह जब काफी देर तक दुकान नहीं खुली तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इस पर मृतक के मौसा दुकान पर पहुंचे। शटर खोलकर देखा तो आनंद दुकान के कुंड़े में पानी की वापसी के सहारे फांसी पर लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सके हैं, मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत



**हरदोई, अमृत विचार।** बारात में जाने की तैयारी कर रहा अधेड़ साइकिल से घर लौट रहा था। रास्ते में कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी है गया, मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

कोतवाली शहर के मढ़िया शुक्ला निवासी मनमोहन की रविवार को बारात जानी थी। गांव निवासी चन्द्रपाल (48) उसी बारात में जाने की तैयारी कर रहा था, वह साइकिल से भट्ठा बाज़ार बाल बनवाने गया और वहीं से वापस लौट रहा था, साण्डी रोड पर कोतवाली शहर के मेंढू गांव के पास उसे कार ने टक्कर मार दी, उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। चन्द्रपाल तीन भाइयों और तीन बहनों में सबसे छोटा था, उसने शादी नहीं की थी। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

### उन्नाव के युवक की हरियाणा में हादसे में मौत

**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र धौरा गांव निवासी राजेश (43) 20 वर्षों से हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिला के कैलाश नगर मोहल्ले में रहकर ऑटो रिक्शा चालता था। मां माया ने बताया कि वह ऑटो से घर लौट रहा था। तभी सामने आए लोडर ने उसके ऑटो में टक्कर मार दी। इससे ऑटो के परखच्चे उड़ गए और राजेश ऑटो में फंसा रह गया। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे निकालकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता की चार साल पहले मौत हो गई थी। बेटे की मौत की खबर से मां माया बेहाल हो गई। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि परिजनों ने कुरुक्षेत्र में ही अंतिम संस्कार किया है।

### बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार।** बारासगवर थाना क्षेत्र के ग्राम भोला खेड़ा निवासी 75 वर्षीय विश्वनाथ की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया गया कि वह नारायण दास खेड़ा भोजपुर ऊंचगांव मार्ग स्थित एक सैलून में दाढ़ी बनवाने के बाद पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उन्हें टक्कर मार दी। परिजन उन्हें तत्काल सुमेरपुर अस्पताल ले गए, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई।

# परिवार को जिंदा जलाने की धमकी, आरोपी पर केस दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पवियानी मजरा परचल रसूलपुर में एक परिवार को पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित अमरेश कुमार तिवारी ने कोतवाली बिलग्राम में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव का ही युवक शिवम आए दिन उसे और उसके परिवार को गालियां देता रहता है।

पीड़ित के अनुसार छह फरवरी की शाम करीब सात बजे शिवम अपने दो साथियों के साथ उसके घर के सामने आया और उसे व उसके परिवार को पेट्रोल डालकर जला देने तथा जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इस दौरान मां-बहन की गालियां भी दी गईं, जिससे पूरा परिवार दहशत में आ गया। घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी पीड़ित द्वारा पुलिस को सौंपी गई है। घटना के बाद पीड़ित ने खुद को और अपने परिवार को असुरक्षित बताते हुए तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# फायरिंग, मारपीट व लूट के मामले में छह नामजद पर मुकदमा दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम सदरपुर निवासी पीड़ित शानू गुप्ता के अनुसार 27 जनवरी की रात कुछ युवक नशे की हालत में गांव पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पिस्टल से फायरिंग की।

आरोप है कि सोनू पटेल, शोभित पटेल, धुंद्र निवासी शेखवापुर थाना माधौगंज तथा रवि पटेल, आरिफ गाजी और रिंकू पटेल निवासी माधौगंज ने एक राय होकर पीड़ित को घेर लिया और लात-घूंसों व पिस्टल की बट से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान रवि पटेल द्वारा पीड़ित के गले से सोने की चेन और 25 हजार रुपये नकद छीन लिए गए। घायल को परिजन 108 एंबुलेंस से सीएचसी बिलग्राम लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। स्वस्थ होने के बाद पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# 88 लाख की लागत से बनेगा संपर्क मार्ग

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की समस्या से निजात मिलने जा रही है। ग्राम शादीपुर स्थित शारदा नहर पुल से अमान खेड़ा तक बनने वाले 1800 मीटर लंबे संपर्क मार्ग का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ किया। इस सड़क के निर्माण पर शासन द्वारा लगभग 88 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। शिलान्यास के अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि यह मार्ग ग्रामीणों की पुरानी और प्रमुख मांग थी। उन्होंने कहा बरसात के मौसम में इस कच्चे मार्ग पर चलना दूभर हो जाता था, जिससे सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और अपनी उपज मंडी ले जाने वाले किसानों को होती थी। इस पक्की सड़क के बनने से न केवल समय बचेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई रफ्तार मिलेगी। विधायक ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को


भूमि पूजन करते बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार।

सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवर अभियंता को निर्देश दिए कि कार्य को मानक के अनुरूप और तय समय के भीतर पूरा कराया जाए ताकि जनता को जल्द इसका लाभ मिल सके।

### फ्री मेडिकल कैंप में उमड़ी भीड़

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार।** नगर के लखनऊ मार्ग स्थित केबी मेडिकल हॉल में अली अहमद एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में खैरुल बशर फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में नगर व आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से नि:शुल्क परामर्श लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी फारूक अहमद ने किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सराहनीय पहल है।

**उपलब्धि** | मीडिया ओलंपिक में दमदार प्रदर्शन कर जिले का नाम किया रोशन

# विकास ने 2 स्वर्ण सहित कुल 5 पदक जीते

**सफीपुर, उन्नाव अमृत विचार।** खेल के मैदान से निकलकर पत्रकारिता की दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाले विकास सिंह ठाकुर ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है।

राजधानी लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित मीडिया ओलंपिक के तीसरे संस्करण में सफीपुर निवासी पत्रकार एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी विकास सिंह ठाकुर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुल 5 पदक अपने नाम किए। द इंडियन व्यू द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के मीडिया कर्मियों ने हिस्सा लिया। पत्रकार विकास ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फुटबॉल शूटआउट और लंबी कूद में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 200 मीटर दौड़ सहित तीन अन्य एथलेटिक्स स्पर्धाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीते। विकास की इस बहुमुखी प्रतिभा ने स्टेडियम में मौजूद सभी दर्शकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विकास ठाकुर को स्वर्ण पदक पहनाकर उनकी खेल भावना की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय सिंह, यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष हेमंत तिवारी और प्रधान संपादक राघवेंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।



विकास सिंह ठाकुर को प्रमाणपत्र एवं पदक देते डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

# घर में किशोरी को अकेला पाकर युवक ने की छेड़छाड़, केस दर्ज

**सफीपुर, उन्नाव, उन्नाव अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक पड़ोसी युवक ने 14 वर्षीय किशोरी को घर में अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस को बताया कि 6 फरवरी को वह अपने पूरे परिवार के साथ एक रिश्तेदारी में मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर पर उनकी 14 वर्षीय पुत्री अकेली थी। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर पड़ोस में रहने वाले युवक विलास पुत्र नन्हऊनू ने घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। पीड़िता के शोर मचाने और हाथापाई के दौरान ही उसका भाई और चाचा मौके पर पहुंच गए। परिजनों को देख आरोपी युवक ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग निकला। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सफीपुर एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा बेटा मोहम्मद दाउद मेरे कहने सुनने में नहीं है। उसका चाल चलन गलत लोगों के साथ रहकर बिगड़ गया है।मोहम्मद दाऊद अपनी मां और बहनों से मारपीट, गाली–गलौज कर प्रताड़ित कर रुपयों की मांग करता है।उसकी इन हरकतों से परेशान होकर अपनी सारी संसारिक पारिवारिक सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र मोहम्मद दाउद के लेन देने और उसके किसी भी कृत्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मोहम्मद दाउद से सम्बन्ध रखने और रूपयों की लेन–देन करने वाले इसके स्वयं जिम्मेदार होगे। **–शेख नईम पुत्र शेख खलील निवासी ग्राम दलसराय मजरे कूढासादात कोतवाली, परगना व तहसील रुदौली जनपद अयोध्या।**

**सूचना**
मैने अपना नाम मोहम्मद आसिफ सिद्दिकी (MOHAMMAD ASHSIF SIDDIQUI) से बदलकर मो0 आसिफ (MO ASIF) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मो0आसिफ पुत्र श्री जैनउद्दीन पता–चक फतेह मोहम्मद, पो0–मोहम्मदपुर गौती जनपद–फतेहपुर उ0प्र0

**सूचना**
मैने अपना नाम नाजमा खातून (NAJAMA KHATOON) से बदलकर नाजिमा खातून (NAJIMA KHATOON) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। नाजिमा खातून अब्दुल खालिक पता–पूरेमियां, पो0–रुदौली जनपद–अयोध्या उ0प्र0

**सूचना**
मैने अपना नाम मुजीबुर्रहमान (MUJIRBU RAHMAN) से बदलकर मो0 मुजीबुर्रहमान MOHD MUJIRBU RAHMAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। मो0– मुजीबुर्रहमान पुत्र श्री अजीर्जुरहमान पता–16/25 मिश्राना अमरोधा कानपुर देहात उ0प्र0

**सूचना**
मैने अपना नाम KAPIL KUMAR से बदलकर KAPIL KUMAR PAL रख लिया है आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GAYA PRASAD R/0-549/279 BADA BARHA, ALAMBAGH, DIST-LUCKNOW-226005 (U.P.)

**सूचना**
पहले मेरा नाम GOLU था अब मैने बदलकर अपना नाम GOLU KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- SHIV PAL R/O- GRAM INAYATPUR BARRA INAYATPUR UNNAO -241503

**सूचना**
मेरा नाम **खलील उल्लाह पुत्र हबीब उल्लाह खां निवासी धरमपुर, लीला पारा पोस्ट– अमवा मौलवी, थाना – मटेरा जिला बहराइच** है, अब मैने अपना नाम बदलकर खलील उल्लाह खां पुत्र– हबीब उल्लाह खां रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए ।

**सूचना**
मेरा नाम प्रेम कुमार है। यही नाम वोटर कार्ड में भी दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश प्रमोद दर्ज हो गया है। मेरा असली नाम प्रेम कुमार ही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **प्रेम कुमार पुत्र रामनाथ, निवासी नरपतिपुरवा, मजरा तासखेड़ा, ब्लाक सुरसा, थाना शहर कोतवाली, तहसील व जिला हरदोई।**

**सूचना**
मेरा नाम पटेशर सोनकर पुत्र गोबरे सोनकर निवासी बढ़ई गांव पोस्ट चमार पुरवा थाना मल्हीपुर जिला श्रावस्ती है, अब मैने अपना नाम परेशर सोनकर पुत्र गोबरे सोनकर रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए ।

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHAHVAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD SHAHVAN रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD SHAHVAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- KAMASUT ALI R/O- NAWABPUR POST-KHALGAON MAHMUDABAD, SITAPUR

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD NADEEM था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD NADEEM रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD NADEEM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- ZAHID MIYAN R/O- 461/133, D.P BORA PLOT MOHINI PURWA POST CHOWK, LUCKNOW

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD KAYOOM था अब मैने बदलकर अपना नाम ABDUL KAYYUM रख लिया है भविष्य में मुझे ABDUL KAYYUM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- RAHMAT ALI R/O- BAGMEERA MANGRAULI RANIGANJ, AMETHI

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं राधेश्याम पुत्र राम अवतार, निवासी ग्राम पूरे कादिल, थाना शिवरतनगंज, तहसील तिलोई, जनपद अमेठी, द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम बदलकर अब्दुल्लाह पुत्र राम अवतार रख लिया गया है। उक्त नाम परिवर्तन दिनांक 05.02.2026 को विधिवत नोटरी द्वारा सत्यापित है। भविष्य में समस्त अभिलेखों एवं कार्यो में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **अब्दुल्लाह (पूर्व नाम राधेश्याम)**

**सूचना**
**मैं जैनुल आबदीन पुत्र अब्दुल कादिर, आयु लगभग 64 वर्ष, निवासी ग्राम पूरे बहबल, मजरा व पोस्ट महोनापश्चिम, थाना बाजारशुक्ल, तहसील मुसाफिरखाना, जिला अमेठी (उ.प्र.)** सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे अभिलेखों में नाम भिन्न–भिन्न अंकित है। आधार कार्ड में मेरा सही नाम Jainul Abdeen Son of Abdul Kadir दर्ज है, जबकि पैन कार्ड में Jainuddin Kadar Khan Son of Kadar Khan अंकित है। अतः भविष्य में मेरा सही एवं मान्य नाम Jainul Abdeen Son of Abdul Kadir ही माना जाए।

**न्यूज ब्रीफ**

### विवाह से पहले युवती प्रेमी संग फरार, रिपोर्ट

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 1 जनवरी की शाम उसकी 18 वर्षीय पुत्री को थाना क्षेत्र के गांव अयारी निवासी संतोष फुसलाकर भगा ले गया है। युवक का कहना कि उसकी पुत्री की शादी तय थी और माह फरवरी तिलक में होना तय था। पुलिस ने आरोपी संतोष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी है।

### राजमिस्त्री की पुत्री फरार, रिपोर्ट दर्ज

**टड़ियावां, हरदोई।** क्षेत्र के एक गांव के निवासी युवक ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। 5 फरवरी को उसकी 18 वर्षीय पुत्री 500 ग्राम चांदी और सोने के आभूषण के साथ अलमारी में रखी 40 हजार की नकदी साथ लेकर कहीं चली गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तीन लोगों पर पुत्री को भगाने का आरोप

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के निवासी एक युवक ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री को 4 फरवरी की देर रात गांव के अभिषेक उर्फ छोटू अपने साथ कहीं लेकर चला गया है। युवती को भगा ले जाने में आरोपी के पिता रत्नेश और भाई करन का पूरा सहयोग है। एसओ कुलदीप सिंह ने बताया कि तीनों आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### मारपीट में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** गांव सिकरोहरी के देवराज सिंह ने गांव निवासी तीन लोगों पर अपने पुत्र सुंदरम से मारपीटकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कमलेश सिंह, अखिलेश सिंह उर्फ रानू, धीरे सिंह उर्फ धीरू पर केस दर्ज कर लिया है।

# भ्रष्टाचार में निलंबित कई अभियंता फिर उसी कुर्सी पर हुए बहाल

**रामप्रकाश राठौर, हरदोई**

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। लोक निर्माण विभाग हरदोई में घटिया सड़क निर्माण और गंभीर तकनीकी अनियमितताओं के आरोपों में निलंबित किए गए अभियंताओं की गुपचुप ढंग से बहाली ने न सिर्फ विभागीय पारदर्शिता को कटघरे में खड़ा कर दिया है, बल्कि शासन की मंशा पर भी गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं।

बिना किसी जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किए, बिना दोष-निर्धारण और जवाबदेही तय किए, जिन अभियंताओं को भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण का दोषी मानते हुए निलंबित किया गया था, उन्हें फिर उसी विभाग और लगभग उसी कुर्सी पर बैठा दिया गया। हाल ही में बहाल किए गए अभियंताओं में रुचि गुप्ता, अमर सिंह, बी.पी. सिंह, मकरंद सिंह यादव, अवधेश गुप्ता एवं सत्येंद्र कुमार के नाम सामने आते ही विभाग में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि गत वर्ष नवंबर माह में हरदोई जनपद में कराई गई गुणवत्ता जांच में कई प्रमुख मार्गों की पोल खुल गई थी। लखनऊ-पलिया राष्ट्रीय मार्ग से जुड़े रद्देपुर-सकतपुर-सांडी-शाहाबाद मार्ग, हरदोई-सांडी मार्ग, बेहटा-मंसूरनगर मार्ग तथा मझिला-खटेली संपर्क मार्ग के नमूने मानकों पर पूरी तरह फेल पाए गए थे। जांच रिपोर्ट में साफ तौर पर यह उजागर हुआ था कि सड़क निर्माण में मानक से कम बिटुमिनस सामग्री का प्रयोग, ईटीए मिक्स में इमल्शन न मिलाना, गिट्टी और तारकोल की मात्रा में भारी कटौती जैसी गंभीर तकनीकी खामियां की गईं, जिससे करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़कों की गुणवत्ता पर बड़ा प्रश्नचिह्न लग गया था। यह सिर्फ तकनीकी लापरवाही नहीं, बल्कि सरकारी धन के खुले दुरुपयोग का मामला माना गया था।



कार्यालय पीडब्ल्यूडी, हरदोई।

- **हरदोई पीडब्ल्यूडी विभाग में भ्रष्टाचार पर सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का नहीं किया जा रहा पालन**

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई थी कार्रवाई, जांच के दिए थे आदेश

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्कालीन अधीक्षण अभियंता सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता सुमंत कुमार व शरद कुमार मिश्र, सहायक अभियंता राजवीर सिंह, संतोष कुमार पांडे, जी.एन. सिंह, रितेश कटियार व कृष्णकांत मिश्र सहित कुल 16 अभियंताओं को निलंबित किया गया था। साथ ही अवर अभियंताओं के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए गए थे, जिसकी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता (सेतु) को सौंपी गई थी।

### न कोई जांच रिपोर्ट न ही स्पष्टीकरण आया सामने

अब वही अधिकारी, जिन पर घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे, बिना किसी सार्वजनिक स्पष्टीकरण के दोबारा बहाल कर दिए गए हैं। न तो जांच रिपोर्ट सामने आई, न ही यह बताया गया कि किस आधार पर इन्हें दोषमुक्त किया गया। नियमों और प्रक्रियाओं को दरकिनार कर की गई यह बहाली सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर सीधा कुठाराघात माना जा रहा है।

### तब तो महज नारा बनकर रह जाएगी सरकार की नीति

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन अधिकारियों के कृत्यों से सरकारी खजाने को नुकसान और आम जनता को खराब सड़कों की सजा मिली, उन्हें आखिर किसके संरक्षण में और किस प्रक्रिया से दोबारा जिम्मेदारी सौंप दी गई? यदि ऐसे मामलों में जवाबदेही तय नहीं होती, तो भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की नीति महज नारा बनकर रह जाएगी। यह प्रकरण अब केवल हरदोई पीडब्ल्यूडी तक सीमित नहीं रहा। यह प्रदेश की प्रशासनिक जवाबदेही, नैतिकता और सरकार की घोषित 'जीरो टॉलरेंस' नीति की वास्तविकता पर एक सवालिया निशान लगा रहा है।

### किशोरी के अपहरण मामले में मुकदमा दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र से किशोरी को फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की ओर से कोतवाली बिलग्राम में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार 6 फरवरी की रात गांव का ही युवक किशोरी को अपने साथ ले गया। किशोरी के साथ घर के जेवरात और लगभग चार हजार रुपये नकद ले जाने की भी बात सामने आई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय के आदेश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि किशोरी की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

# दांत के दर्द में झोलाछाप के इंजेक्शन से महिला की मौत

## पुलिस बोली, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगी आगे की कार्रवाई

**संवाददाता, हरदोई,**

**अमृत विचार।** आपसी विवाद के चलते पति से अलग होकर महिला पिछले पांच वर्षों से मायके में रह रही थी। जहां उसके दांत में दर्द होने पर पिता के साथ एक झोलाछप से दवा लेने गई। आरोप है कि झोलाछाप ने महिला को इंजेक्शन लगा दिया। घर पहुंचते ही महिला की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी लेकर जाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की बात कही जा रही है।

बताया गया है कि पिहानी कोतवाली के लहतारा निवासी रामशरण ने 9 मई 2017 को अपनी 35 वर्षीय पुत्री उमादेवी की शादी उसी कोतवाली के यक़ीन नगर के सौरभ के साथ की थी। पति-पत्नी के बीच घरेलू बात पर हुई तकरार इतनी तीखी हो गई कि नौबत कोर्ट-कचहरी की आ गई, उमा साल 2021 से अपधे मायके आ गई, उसी बीच दोनों में मुकदमेबाज़ी शुरु हो गई। पिता रामशरण ने बताया कि शनिवार को उमा ने दांत दर्द की शिकायत की, वह उसे अपने साथ पड़ोस के गांव ले गया, आरोप है कि वहां झोलाछाप ने इंजेक्शन लगाया और कुछ दवाई दी, लेकिन घर पहुंचते ही उमा की तबियत बिगड़ गई, आनन-फ़ानन उसे उठा कर सीएचसी के लिए भागे, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। झोलाछाप पर आरोप लगाते हुए दी गई तहरीर पर पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया, रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही जा रही है।

### दो बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरी

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** अज्ञात चोरों ने दो बंद पड़े मकानों को निशाना बनाया। पुलिस मौके पर गई, जांच पड़ताल की, फॉरेंसिक टीम ने भी जाकर जांच पड़ताल की है। ग्राम शुकरौला में शिव कुमार और मुंशी लाल परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। मकान बंद थे। शनिवार/रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़ रहे खटपट की आवाज सुनकर आस पास के लोग जग गए शोर मचाया तो सभी भाग गए। चोरों ने घर के बक्सों। के ताले तोड़े है। सामान फैला पड़ा था। कोतवाल शिवाकांत पांडे ने बताया कि सूचना पर पुलिस गई थी। फोरेंसिक टीम भी गई। जांच पड़ताल की गई। परिजन आए, तभी पता चलेगा कि क्या सामान गया है।



पुरस्कार प्राप्त उत्साहित खिलाड़ी।

### प्रशासन एकादश ने 9 विकेट से दर्ज की शानदार जीत

**हरदोई, अमृत विचार।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को प्रशासन एकादश तथा जज एकादश के मध्य दोस्ताना क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें प्रशासन एकादश ने अरुण प्रताप की 95 रनों की शानदार पारी के दम पर 9 विकेट से जीत दर्ज की। मैच में टॉस जज एकादश ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। जज एकादश ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 152 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। जज एकादश की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए श्रेय द्विवेदी ने सर्वाधिक 91 रनों का योगदान किया। वहीं प्रशासन एकादश की तरफ से गेंदबाजी करते हुए राजवीर व आमिर ने 2-2 विकेट, नवीन व मनीष ने एक-एक विकेट लिया व एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रशासन एकादश की टीम ने 13 .4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। प्रशासन एकादश की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए अरुण प्रताप 95 रन व आमिर ने 31 रनों का योगदान किया। जज एकादश की तरफ से दिलीप ने एक विकेट लिया। प्रशासन एकादश ने शानदार 9 विकेट से जीत दर्ज की। मैच के मैन ऑफ द मैच तथा बेस्ट बैट्समैन अरुण प्रताप रहे तथा बेस्ट बॉलर राजवीर रहे।

**अरुण प्रताप ने खेली 95 रनों की पारी**

# 213 लोगों के नेत्रों का हुआ परीक्षण

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर में डॉ श्राफ चैरिटी आई हास्पिटल, लखीमपुर के द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। नेत्र शिविर में वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् (वृद्धाश्रम) अल्लीपुर के सभी संवासीयों तथा क्षेत्रीय जनवासियों के नेत्रों का निःशुल्क परीक्षण किया गया।

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ शीर्षेन्दु शील त्रिवेदी "विपिन" ने बताया कि सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के संस्थापक प्रबंधक डॉ .सुशील चन्द्र त्रिवेदी "मधुपेश" ने अल्लीपुर में सर्वप्रथम सन् 1994 में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया था। तब से यह परंपरा अनवरत रूप से जारी है। संस्थान के द्वारा हरदोई, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर, झांसी तथा वृंदावन, मथुरा आदि जनपदों में भी प्रतिवर्ष आश्रमों में निःशुल्क नेत्र शिविरों का आयोजन विशेषज्ञों द्वारा कराया जाता है। शिविर में 213 लोगों का परीक्षण किया गया, जिसमें 53 लोगों को आपरेशन हेतु चिकित्सालय ले जायें गया।



शिविर में पंजीकरण कराते मरीज। अमृत विचार

## निःशुल्क बाल स्वास्थ्य शिविर में बच्चों की हुई जांच, बांटीं दवाइयां



**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** मानवता की सेवा और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के संकल्प के साथ रविवार को डी.एस. हॉस्पिटल (निकट चंद्रा होटल, सांडी तिराहा) में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को विशेषज्ञ परामर्श और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा। शिविर में डॉ. ध्रुव अग्रवाल ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति थोड़ी सी जागरूकता कई बड़ी बीमारियों को टाल सकती है। शिविर में सुबह से ही क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। स्थानीय निवासियों ने डी.एस. हॉस्पिटल के इस कदम की सराहना करते हुए इसे जनहित में एक बड़ा प्रयास बताया है।

# ग्रामीणों की जांच कर वितरित कीं दवाएं

**संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई**

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हर्रई और उधरनपुर में सरकार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार को सुबह से शाम चार बजे तक आयोजित किये गए आयुष्मान साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का सीएचसी प्रभारी डा. प्रवीण दीक्षित ने निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरण करने के निर्देश दिए।

डा. दीक्षित ने कहा कि आयुष्मान भारत के तहत साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में निःशुल्क जांच, परामर्श और आयुष्मान कार्ड आभा आईडी बनाने के लिए आयोजित किए जाते हैं। इन मेलों में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श, संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, और निशुल्क दवाएं बांटी जाती हैं। इनमें गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच, आभा आईडी बनाना, गोल्डन कार्ड, टेली-परामर्श, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, और टीबी/मलेरिया की जांच कर निःशुल्क दवाओं का वितरण किया जाता है।



लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक। अमृत विचार

**आयुष्मान स्वास्थ्य मेला**

# पोषण किट व श्रवण यंत्र किया वितरित

**संवाददाता, कछौना, हरदोई**

**अमृत विचार।** समुदाय स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में रविवार को इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन की सीएसआर योजना के तहत समर्पित अवसर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा टीवी मुक्त भारत अभियान और स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया।मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने मरीजों को पोषण किट और श्रवण यंत्र वितरित किए। सांसद ने कहा कि मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में यह अभियान पूरे जोर-शोर से चलेगा, ताकि क्षेत्र टीवी मुक्त भारत बने। कार्यक्रम में 380 मरीजों को पोषण किट दी गईं, जबकि जरूरतमंदों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संचित अग्रवाल, आचार्य रामशंकर शुक्ला, अधीक्षक शैलेंद्र शुक्ला, जिला मंत्री अजय शुक्ला, अजय बाजपेयी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



जरूरतमंदों को पोषण किट देते सांसद अशोक रावत। अमृत विचार

# बर्गे गुल के विमोचन पर सजी अदब की शानदार शाम

**संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई**

**अमृत विचार।** नगर की साहित्यिक फिज़ा उस समय और भी खुशनुमा हो उठी जब मशहूर कवि एवं शायर अली शफीक रिज़वी हुज़ूर बिलग्रामी के बहुप्रतीक्षित काव्य संग्रह बर्गे गुल का गांधी मैरिज हाल, बिलग्राम में एक समारोह के बीच विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम ने स्थानीय साहित्य प्रेमियों को एक यादगार शाम दी, जहां अदब, शायरी और तहज़ीब का खूबसूरत संगम देखने को मिला।

विमोचन समारोह में साहित्यिक और सामाजिक जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों की मौजूदगी ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। मुख्य अतिथियों के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री मोहसिन रज़ा, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. आर.बी. शर्मा तथा जिला जज आदिल आफताब आगा उपस्थित रहे। आदर्श नगर पालिका बिलग्राम के चेयरमैन अनिल राठौर और प्रसिद्ध लेखक व इतिहासकार फरीद बिलग्रामी भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शायर आसिम काकोरवी ने अपने खास अंदाज़ में किया। वक्ताओं ने 'बर्गे गुल' को मानवीय भावनाओं, सामाजिक सरोकारों और रिश्तों की नज़ाकत को बारीकी से बयान करने वाली कृति बताया। विमोचन के बाद बिलग्रामी को अंगवस्त्र व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। रात करीब 9 बजे से मुशायरा और कवि सम्मेलन का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक पूरे जोशो-खरोश के साथ चला। देश के नामचीन शायरों ने अपने कलाम से श्रोताओं का दिल जीत लिया। कार्यक्रम ने बिलग्राम की समृद्ध साहित्यिक परंपरा को नई ऊर्जा प्रदान की।



कलाम पेश करते शायर। अमृत विचार

### रिक्शा चालक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** रिक्शा खींचकर परिवार का भरण पोषण करने वाले युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। वह गांव के पास पटरी पार कर रहा था, तभी ट्रेन आ गई। कोतवाली देहात के कटैय्या गांव निवासी 40 वर्षीय मेवाराम रिक्शा खींच कर पत्नी मीरा के अलावा तीन बेटियों कातिमा, रुचि, संध्या और दो बेटों रोहित व मोहित का पेट पाल रहा था। शनिवार की शाम वह काम से वापस लौट रहा था। बताते है कि मेवाराम गांव के पास जैसे ही रेल पटरी पार करने लगा, उसी बीच ट्रेन आ गई और उसी ट्रेन की चपेट में आने से मेवाराम की मौत हो गई। मौत की खबर सुन कर उसके बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**आयोजन** महर्षि मंगलगिरि आश्रम पर चल रहे द्वादश श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा का तीसरा दिन

# रुद्राक्ष धारण करने से होते हैं कई स्वास्थ्य लाभ : रुद्रेश

**संवाददाता, टड़ियावां, हरदोई**

**अमृत विचार।** अहिरोरी स्थित सिद्ध स्थान बाबा भूतनाथ मंदिर, महर्षि मंगलगिरि आश्रम पर चल रहे द्वादश श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास रुद्रेश शुक्ल ने रुद्राक्ष के महात्म पर चर्चा करते हुए बताया कि रुद्राक्ष धारण करने से स्वास्थ्य लाभ होता है यह रक्तचाप को नियंत्रित करता है, हृदय संबंधी रोगों को कम करता है और तनाव व चिड़चिड़ापन दूर कर मानसिक शांति प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि रुद्राक्ष आध्यात्मिक व मानसिक शांति एकाग्रता और स्मृति बढ़ाता है, जो जप और ध्यान के लिए उत्तम है। यह नकारात्मकता का नाश करता है, शरीर के आसपास एक सुरक्षात्मक आभामंडल बनाता है और बुरी ऊर्जा से रक्षा करता है। यह समृद्धि और सफलता, दरिद्रता को दूर करता है, सौभाग्य लाता है और भाग्य को उज्ज्वल करता है। व्यक्तित्व विकास यह आत्मविश्वास को बढ़ाता है और जीवन में सकारात्मकता लाता है। महाराज जी ने सभी श्रोताओं को समझाया और धारण करने के लिए प्रेरित किया। यज्ञ महोत्सव के साथ ही आज 5 बटुकों का निःशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार भी किया गया जिसकी पूर्ण व्यवस्था महर्षि मंगलगिरि आश्रम द्वारा की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद जयप्रकाश रावत, पूर्व प्रधान निर्भय सिंह, श्याम चंदेल आदि मौजूद रहे।



प्रवचन देते कथाव्यास रुद्रेश शुक्ल।



संत सियाराम दास का अंग वस्त्र व फूलमालाओं से स्वागत करते लोग।

### संत सियारामदास का भक्तों ने किया स्वागत

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को चित्रकूट धाम से पधारे संत सियाराम दास का भक्तों लोगों ने अंगवस्त्र व फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। चित्रकूट के रामधाम के संत ने सनातन धर्म देश व परिवार को उन्नति की ओर ले जाने की बात कही. तुलसीकृत रामचरितमानस की प्रत्येक चौपाई महामंत्र है, जिसको जीवन में उतारकर मनुष्य भवसागर पार कर सकता है। मनुष्य हो या देवता उसके कर्मों की पूजा होती है। उन्होंने केवट, भरत से लेकर शबरी की भक्ति महिमा का बखान किया।

# हरित ऊर्जा अपनाने का दिया संदेश

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई**

**अमृत विचार।** रविवार को विकास खंड भरावन के बहेरिया में इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा साइकिल यात्रा निकाली गई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार अभियान के तहत इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड की वरिष्ठ विक्रीय अधिकारी मयूरी रस्तोगी ने बताया साइकिल रैली का उद्देश्य है तेल और गैस बचाओ, हरित ऊर्जा अपनाओ इसी क्रम में बहेरिया के साइकिल यात्रा निकाली गई। बहेरिया पेट्रोल पम्प के प्रबंधक व भाजपा नेता पंकज शुक्ला नें बताया साइकिल रैली बहेरिया से पांच किलोमीटर तक निकाली गई इसका उद्देश्य है ईंधन को बचाना और पर्यावरण के महत्त्व को समझना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। साइकिल रैली यात्रा में दर्जनों लोग मौजूद रहे और बहेरिया से गोड़वा होते हुए बहेरिया पेट्रोल पम्प पर समापन किया गया। यात्रा में भोला शुक्ला, रामजी तिवारी, संदीप कुमार मिश्रा, नागेंद्र अवस्थी, जीतू पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद रहे।



साइकिल यात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

- **पर्यावरण के महत्व को समझना नैतिक जिम्मेदारी : पंकज शुक्ला**

# एसपीजी के घेरे में शहर, आज आएंगे योगी आदित्यनाथ

## तपोधाम आश्रम में आयोजित गोरखनाथ प्रतिमा स्थापना दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को शहर के मोहल्ला शास्त्री नगर स्थित तपोधाम आश्रम में आयोजित गोरखनाथ प्रतिमा स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसको लेकर एक दिन पहले ही एसपीजी ने डेरा डाला। आसपास के इलाके में पुलिस-पीएसी तैनात की गई। जिसकी कमान खुद पुलिस कप्तान ने संभाली। जिलाधिकारी ने बताया कि दो दिनों तक शहर को नो- फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। ड्रोन, गुब्बारे और पतंग उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।


कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा संबंधी जानकारी लेते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

रविवार दोपहर नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर स्थित गोरखनाथ धाम में एडीजी प्रवीण कुमार पहुंचे। इनके साथ आईजी जोन किरण यश और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल थे। मूर्ति स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बताया है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शहर को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। दो दिनों तक शहर और आसपास इलाकों में ड्रोन, गुब्बारे और पतंग उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### दो किमी रहेगा ग्रीन कॉरिडोर

मुख्यमंत्री के लिए जीआईसी मैदान में बनाए गए हेलीपैड से करीब दो किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया गया है। एसपी अंकुर अग्रवाल का कहना है कि सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी, लगभग 1500 के करीब पुलिस पीएसी बल के जवान तैनात रहेंगे।

### अलर्ट मोड में खुफिया विभाग और जिले की एसओजी

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर खुफिया विभाग अलर्ट मोड पर है। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर एसओजी टीम रख रही है। स्थानीय इनपुट के साथ-साथ बाहरी तत्वों की आवाजाही पर भी सतत निगरानी की जा रही है।

### मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम

मुख्यमंत्री लखनऊ से हेलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 2:05 बजे राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचेंगे। वहां से वे सीधे शास्त्रीनगर स्थित तपोधाम आश्रम जाएंगे। दोपहर 2:15 बजे तपोधाम आश्रम में आगमन होगा। फिर दोपहर 2:15 से 3:15 बजे तक आश्रम का कार्यक्रम व संबोधन रहेगा। दोपहर 3:25 बजे सीतापुर से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मुख्यमंत्री से मिल सकता है पत्रकार राघवेंद्र का परिवार

राघवेंद्र हत्याकाण्ड का प्रकरण थमने का नाम नहीं ले रहा। पिछले दिनों पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई हत्याकाण्ड को लेकर परिवार जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. से मिला था। परिवार ने आशंका जताते हुए मामले में कई रसूखदार और शातिरों के शामिल होने की बात कही थी। पुनर्विवेचना को लेकर डीएम ने आश्वासन दिया था। सूत्रों की मानें तो राघवेंद्र बाजपेई का परिवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दोबारा मिलना चाहता है।

### इन रास्तों पर रहेगा वन-वे और भारी वाहनों पर रोक

नवीन चौक से भारी वाहन मण्डी चौक की तरफ नहीं आएंगे। महोली और वैदेही वाटिका से डायवर्जन किया गया है। मण्डी समिति गेट से कोई भारी वाहन मण्डी चौक की तरफ नहीं आएगा। काशीराम कॉलोनी की तरफ डायवर्जन किया गया है। काजीकमालपुर से भारी वाहन श्यामनाथ की ओर नहीं आएगा। इन्हें महोली और हरगांव की ओर डायवर्ट किया गया है। छोटे वाहन रेखा गोयल से जीआईसी गेट की तरफ नहीं जाएंगे। चित्रा बस स्टेशन की तरफ डायवर्जन किया गया है। कोतवाली चौराहे से छोटे वाहन जीआईसी चौराहे की ओर नहीं जाएंगे, ये जिला अस्पताल और मैकू होटल की ओर से गुजरेंगे। उजागर लाल से छोटे वाहन जिला अस्पताल होकर गुजरेंगे। मण्डी से शास्त्री नगर की ओर कोई छोटा वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। नवीन चौक, कांशीराम की ओर डायवर्जन हुआ है। ये व्यवस्था मुख्यमंत्री आगमन से आधा घण्टा पहले प्रभावी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नैमिषारण्य के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का स्टेटस वायरल, आक्रोश

**मिश्रिख।** तपोस्थली नैमिषारण्य के विरुद्ध एक युवक द्वारा व्हाट्सएप स्टेटस पर अभद्र गालियां भरी टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। स्टेटस का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। जिसमें नैमिष धाम और वहां के निवासियों के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया है। इससे हिंदू संगठनों में भारी रोष व्याप्त है। आरोप है कि मामला संज्ञान में आने के बावजूद नैमिषारण्य पुलिस अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। बजरंग दल कार्यकर्ताओं के संपर्क करने पर आरोपी ने स्वयं को जनपद गोण्डा के कोतवाली करनेलगंज क्षेत्र के गुमदहा गांव निवासी रिंकू पुत्र अनिल कुमार बताया। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्रा ने कहा कि मामला संज्ञान में है, जांच कराई जा रही है।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**मिश्रिख।** पिसावां थाना क्षेत्र के कुतुबनगर मार्ग पर सड़क हादसे में साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दौलतियापुर गांव के मोड़ के पास अज्ञात बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे साइकिल सवार सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में नेवादिया गांव निवासी अनिल कुमार (45) पुत्र नंदलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद दौलतियापुर निवासी अजेंद्र प्रताप सिंह ने मानवता दिखाते हुए घायल को अपनी कार से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर की राह वीर पहल से प्रेरित होकर उन्होंने मदद की। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### रंजिश में चले लाठी-डंडे, पांच घायल

**सदरपुर।** पुरानी रंजिश के विवाद में कहासुनी के बाद दो पक्षों में लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई। खूनी संघर्ष में पांच लोग घायल हो गए। बढ़ते बवाल के बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहला भिजवाया। सदरपुर थाना क्षेत्र के हरसिंगपुर गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने रपट लिख जांच शुरू की है। गांव निवासी राजेंद्र पुत्र मुरली प्रसाद के मुताबिक शनिवार को वह परिवार के साथ घर पर बैठे थे, तभी गांव के ही सरवन, रामनाथ, कौशल और अमन वहां पहुंचे और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जानलेवा हमले में राजेंद्र, जयदेवी, आनंद कुमार, शर्मा देवी और गंगोत्री देवी घायल हो गईं। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भेजा। थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि मेडिकल कराया गया है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कार सवार युवकों से मारपीट लूट व फायरिंग का आरोप

संवाददाता, सदरपुर।

- धारदार हथियार से सिर पर वार, एक गंभीर, केस दर्ज

**अमृत विचार :** हद दर्जे की हिमाकत तो देखिये, दिन के उजाले में सरेराह चौराहे पर जन्मदिन कार्यक्रम से लौट रहे कार सवार युवकों को शातिरों ने रोक लिया। पहले दबंगों ने गाली-गलौच का विरोध करने पर मारपीट की, दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग किए जाने का भी आरोप है। जानलेवा हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर प्रकरण में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

बिसवां कोतवाली क्षेत्र के झज्झर गांव निवासी विनीत मिश्रा के मुताबिक, वे देर रात अपने साथी ललित दीक्षित और गौरव अग्निहोत्री के साथ सदरपुर के धामीसरांय गांव में आयोजित जन्मदिन कार्यक्रम से कार द्वारा लौट रहे थे। रात करीब 10:00 बजे दिबियापुर चौराहे पर सामान खरीदने के लिए रुके ही थे कि दिबियापुर निवासी रिंकू रावत, सुरेंद्र रावत और उनके चार अन्य साथियों ने गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने धारदार हथियार से विनीत के सिर पर हमला कर दिया। जानलेवा हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गया। बचाव में आए साथियों को भी पीटा गया। आरोप है कि हमलावरों ने साढ़े 12 हजार रुपये निकाल लिए, कार व मोबाइल तोड़ दिए और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की।


विधायक को ज्ञापन सौंपते निषाद समाज के लोग। अमृत विचार

## निषाद समाज को एससी में शामिल करने की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** निषाद समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग को लेकर रविवार को निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के विधायक को ज्ञापन सौंपा। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) की युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष राजा राम निषाद के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सपा विधायक अनिल वर्मा के कार्यालय पहुंचे। विधायक की अनुपस्थिति में उनका ज्ञापन कार्यालय प्रतिनिधि भागीरथ मौर्य को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि निषाद समाज लंबे समय से सामाजिक व आर्थिक शोषण का शिकार है, बावजूद इसके उसे अब तक संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पाए हैं। आरोप लगाया गया कि राज्यपाल द्वारा आरक्षण अधिनियम की धारा 13 के तहत अनुसूची में संशोधन किए जाने के बाद भी तहसील स्तर पर नियमविरुद्ध तरीके से पिछड़ा वर्ग के प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने ऐसे प्रमाण पत्रों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोग मौजूद रहे।

# जली रोटी देने पर गर्भवती से मारपीट जिंदा जलाने की कोशिश, केस दर्ज

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** जली रोटी मिलने पर गर्भवती महिला से सरेराह मारपीट और जिंदा जलाने की वारदात का मामला सामने आया है। बेटी को बचाने आई मां को भी पीटने का आरोप है। पुलिस मामले में जांच की बात कह रही है।

लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुशियाना मोहल्ले में जली रोटी देने जैसी मामूली बात को लेकर पांच माह की गर्भवती महिला फरजाना के साथ मारपीट का आरोप है। पीड़िता के मुताबिक, उसका विवाह करीब नौ माह पहले मोहल्ले के ही अंसार अहमद से हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित करता रहा। देर रात पति को खाना खिलाते समय रोटी हल्की जल गई। इसी मामूली सी बात पर अंसार अहमद नाराज हो गया। पति और उसकी दो बहन सीमा व


अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती महिला।

रुकसाना ने मिलकर गर्भवती फरजाना की बेरहमी से पिटाई की और उस पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। किसी तरह जान बचाकर मायके पहुंची पीड़िता के साथ वहां भी मारपीट की गई। बेटी को बचाने आई मां को भी पीट दिया गया, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नकब लगाकर शातिरों ने लाखों की गृहस्थी का सामान समेटा

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** रात के अंधेरे में चोरों ने बंद पड़े मकान की नकब लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शातिरों ने यहां से गहने, नकदी व बर्तन पर हाथ साफ किया और भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के मनकापुर गांव में हुई वारदात को लेकर गांव के लोगों ने पुलिस पिकेट सवाल उठाए हैं।

- सिधौली कोतवाली क्षेत्र के मनकापुर गांव में वारदात

गांव निवासी रामकली परिवार सहित किसी कार्य से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान चोर रात के किसी पहर उनके बंद पड़े घर की पिछली दीवार काटकर अंदर दाखिल हुए। कमरों के ताले तोड़ उसमे रखे सामान पर हाथ समेटा। पीड़िता के मुताबिक, चोर तीन बटवा सोने-चांदी के जेवर, करीब 15 हजार रुपये नकद और कुछ कीमती बर्तन चोरी कर ले गए। सुबह घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल सिधौली कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार का कहना है कि आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# युवक का मिला अधजला शव

कार्यालय सीतापुर

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार, पुलिस कर रही मामले की जांच

**अमृत विचार:** अटरिया थाना क्षेत्र के अलबदा गांव के बाहर रविवार सुबह एक युवक का अधजला शव मिलने से खलबली मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। सीओ का कहना है कि फिलहाल जिस युवक का शव जला मिला है उसके परिवार ने किसी पर संदेह और आरोप नहीं लगाए हैं।

अटरिया थाना क्षेत्र के अलबदा गांव निवासी विमलेश उर्फ मनू (32) गांव के बाहर टीनशेड डालकर अकेले रहता था। रविवार सुबह करीब नौ बजे ग्रामीणों ने खेत की ओर पुआल और लिपलिट्स की पत्तियों के बीच एक अधजला शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। मृतक का शव उसके टीनशेड वाले घर से करीब 100 मीटर दूर मिला है। सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला अत्यधिक ठंड में अलाव जलाने से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक शराब का आदी था और आशंका है कि नशे की हालत में अलाव के पास सो जाने से वह आग की चपेट में आ गया। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# संविधान की रक्षा को जाति जनगणना जरूरी

कार्यालय सीतापुर।

**अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र के अडवेनिया ग्रंट में आयोजित संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम में सांसद राकेश राठौर ने कहा कि संविधान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए देश में जाति जनगणना जरूरी है। उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए संसाधनों और अवसरों में समान भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

विधानसभा क्षेत्र के अडवेनिया ग्रंट में शनिवार को आयोजित संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राकेश राठौर ने कहा कि संविधान की रक्षा का वास्तविक अर्थ देश में राष्ट्रीय स्तर पर जाति


कार्यक्रम में उपस्थित सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

- अडवेनिया ग्रंट में आयोजित हुआ संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम

जनगणना कराना है। उन्होंने कहा कि जातिगत आंकड़ों और उनके सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर ही देश की अर्थनीति तय होनी चाहिए, तभी सामाजिक न्याय की स्थापना संभव है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी ने नागरिकों से अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष (दलित प्रकोष्ठ) विष्णु गौतम ने कहा कि जिले भर में संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस उपाध्यक्ष (संगठन) शिव प्रकाश सिंह ने भाजपा पर संवैधानिक अधिकारों पर हमला करने का आरोप लगाया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कनौजिया ने किया।

# 82 स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री जन आरोग्य शिविर

सीतापुर कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद के 82 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य शिविर आयोजित किए गए। मेलों में बड़ी संख्या में मरीज उपचार कराने पहुंचे। कुल 2279 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इनमें खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे अधिक रही।

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 78 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। शिविरों के दौरान कुल 105 मरीजों की विभिन्न रोगों की जांच की गई। हेपेटाइटिस की छह जांचों में एक मरीज पॉजिटिव पाया गया, जबकि मलेरिया की 82 और डेंगू की 15


मरीजों को चिकित्सीय परामर्श देते चिकित्सक। अमृत विचार

जांचों में कोई भी मरीज पॉजिटिव नहीं मिला। इसके अलावा तीन मरीजों की आभा आईडी भी बनाई गई।

**200 मरीजों को वितरित की दवाइयां : हरपुर।** इलाके क्षेत्र में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात आयुष डॉक्टर ही मरीजों का उपचार कर रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला, हड्डी, हृदय और बाल रोग विशेषज्ञों की कमी के कारण गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर करना पड़ रहा है। रविवार को क्षेत्र के पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 201 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गईं। मौसम में बदलाव के कारण त्वचा रोग, खांसी-जुकाम, बुखार और सांस संबंधी बीमारियों के मरीजों की संख्या अधिक रही।

## 2200 मरीजों का हुआ इलाज, 1 हेपेटाइटिस पॉजिटिव

### शिविर में 35 मरीजों का हुआ उपचार

**महमूदाबाद।** इलाके के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुरवल में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य शिविर में कुल 35 मरीजों का इलाज किया गया। डॉ. एसएन गुप्ता ने बताया कि बदलते मौसम के कारण बुखार, जुकाम और बदन दर्द से पीड़ित मरीज अधिक पहुंचे। शिविर में कई मरीजों के खून की जांच भी कराई गई। उपचार कार्य में फार्मासिस्ट रविन्द्र कुमार, आरती वर्मा, संतोष कुमारी, स्टाफ नर्स जीनत सबा और लैब असिस्टेंट कृपा शंकर मौजूद रहे। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को दवाइयां देकर आवश्यक परामर्श भी दिया।

### मरीजों को जांच के बाद दिया परामर्श

**औरंगाबाद।** मिश्रिख क्षेत्र की ग्राम पंचायत मनिकापुर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की नियमित जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। कुल 62 मरीजों का उपचार किया गया, जिनमें मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीज अधिक रहे। प्रभारी चिकित्सक डॉ. राखी शुक्ला के साथ प्रेमचंद्र, सुषमा, एएनएम प्रगति सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी तैनात रहे। स्वास्थ्य कर्मियों ने मरीजों को दवाइयों के साथ आवश्यक परामर्श भी दिया।

## डंपर और कार की भिड़ंत, दो गंभीर

**महमूदाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर मार्ग पर गुलरामऊ के आगे डंपर और अर्टिगा कार के बीच भिडंत हो गई। हादसे में कार सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कोतवाली प्रभारी अनील सिंह के अनुसार घायलों में एक की पहचान शकील पुत्र अनवर के रूप में हुई है, जबकि दूसरे घायल की शिनाख्त कराई जा रही है। राहगीरों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। एंबुलेंस के माध्यम से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों घायलों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

# फंदे से लटकता मिला युवती का शव, हड़कंप

संवाददाता, रामकोट।

- रामकोट की घटना, दो साल पहले किया था प्रेम विवाह

**अमृत विचार :** रामकोट कस्बे में देर रात एक 25 वर्षीय विवाहिता का शव कमरे के भीतर साड़ी के फंदे से झूलता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू की है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

शहर सीमा से सटे रामकोट कस्बा निवासी धर्मेश ने करीब दो साल पहले प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दंपती साथ रह रहे थे। देर रात धर्मेश की पत्नी सोनम (25) काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकली। दरवाजा न खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा खोलने पर सोनम को साड़ी के फंदे से लटका देख परिजन बदहवास हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। विवाहिता के मायके पक्ष से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। जांच की जा रही है।

# फूलों की खेती से परसपुर में कमाई की सुगंध

संवाददाता औरंगाबाद (सीतापुर)।

**अमृत विचार:** फूलों की खेती से परसपुर के किसानों की आजीविका महक रही है। गांव के अधिकांश किसान फूलों की खेती करते और अच्छा मुनाफा कमाते हैं। बिक्री के लिए भी परेशान नही होना पड़ता। पड़ोसी जिलों की मंडी और खेत से हो भी फूलों की बिक्री हो जाती है। गांव निवासी आलोक तिवारी लंबे समय से फूलों की खेती कर रहे है। इस वर्ष उन्होने तीन बीघे में गुलाब नौरंग बिजली के फूल और अन्य प्रजातियों के फूलों की खेती की है। आलोक के अनुसार, नैमिषारण्य के मंदिर में इनकी बिक्री हो जाती है। लखनऊ, लखीमपुर और हरदोई मंडी भी फूल


गेंदे के खेत में किसान आलोक तिवारी।

भेजा जाता है। आलोक बताते हैं कि गुलाब की कलम तैयार है।

**यह किसान कर रहे फूलों की खेती :** गांव के जयराम यादव, महेश पाल, राजेश राजवंशी, जयराम, राजवंशी, ब्रजेश पाल, अमित यादव, राम सिंह यादव, राजेश तिवारी व सन्तोष यादव ने तीन बीघा गेदा एक बीघा गुलाब नौरंग व एक बीघा बिजली फूल की खेती की है। इसी तरह अन्य किसानों ने भी फूलों की खेती की है। नियमित देखरेख से अच्छी कमाई हो रही है।

### बीस हजार लागत अब 50 हजार की कमाई

किसान आलोक और राजेश ने बताया कि तीन बीघा फूलों की खेती मे करीब बीस हजार रुपये की लागत आई है। अब तक करीब 50 हजार रुपये के फूलों की बिक्री हो चुकी है। शादी तिलक व अन्य मांगलिक कार्यक्रमों सहित धार्मिक आयोजनों में भी फूल खरीदे जाते है। कीट पतंगों से बचाव की समय समय पर दवा का छिड़काव करना पड़ता है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनेंगे पॉली क्लीनिक, मिलेंगे 7 विशेषज्ञ

नई व्यवस्था

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** नगरीय मलिन बस्तियों के निवासियों को अब विशेषज्ञ इलाज के लिए बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि इस्माइलपुर नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर को पॉली क्लीनिक के रूप में विकसित किया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि पॉली क्लीनिक के रूप में विकसित इस्माइलपुर नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्त्री रोग, त्वचा, हड्डी, नेत्र, मनोरोग और फिजीशियन समेत सात विशेषज्ञों की तैनाती होगी। इन विशेषज्ञों को प्रतिदिन पांच हजार का भुगतान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग जल्द ही इच्छुक डॉक्टरों के साथ अनुबंध करेगा। सीएमओ ने बताया कि मार्च तक पॉली क्लीनिक शुरू करने का लक्ष्य है, जिससे स्थानीय जनता को घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

# 2.85 एकड़ में बना अमृत सरोवर बदहाली का शिकार

संवाददाता, मछरेहटा (सीतापुर)।

**अमृत विचार:** जल संचयन की दृष्टि से ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों का निर्माण शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसके पीछे विशेष उद्देश्य जल का संचय करना था। साथ ही हरियाली को बढ़ावा देना था। ऐसे में योजना भारी भरकम बजट के बाद भी कुछ स्थानों पर सरातल में नहीं आ सकी।

मछरेहटा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिर्जापुर उत्तरी में धार्मिक स्थल फूलमती मंदिर के पास लगभग 2.85 एकड़ में अमृत सरोवर बना है। ग्रामीण रमेश, मदन, लालू, अशोक सहित अन्य लोगों का दावा है कि चारों ओर मानकविहीन इंटरलाकिंग लगी हुई है, जो जगह-जगह उखड़ी और गड्ढों में तब्दील है। ऐसे में योजना का लाभ तो दूर हरियाली


ग्राम पंचायत मिर्जापुर उत्तरी में बदहाली का शिकार अमृत सरोवर। अमृत विचार

- झाड़-झंखाड़ में तब्दील हुआ अमृत सरोवर, व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग

भी स्वास्थ्य के लिए उपयोगी साबित होती नहीं दिख रही। बताते हैं कि जिस जगह यह अमृत सरोवर बना है, वहां कभी नाथ संप्रदाय के महान योगी मछंदर नाथ ने नैमिषारण्य जाते हुए रुककर साधना की थी। इसका उल्लेख कई स्थानों पर देखने को मिलता है। अमृत सरोवर में मानको की अनदेखी की गई है।

> ग्रामीण क्षेत्र खासकर तीर्थ स्थानों पर सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। आपके माध्यम से अव्यवस्था होने की बात सामने आई है। विभागीय अधीनस्थों को निर्देश देकर शासन की मंशा के अनुरूप ही व्यवस्था की जाएगी। - **राजेश तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी मछरेहटा**

# जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष छह घायल, दो लोग रेफर

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदारखेड़ा मजरे नीवा गांव में रविवार को जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इसमें एक पक्ष से सुनील कुमार पुत्र बेचालाल, नीलम देवी पत्नी सुनील कुमार, रामप्रसाद पुत्र भगवानदीन, रामकुमारी पत्नी रामप्रसाद, रूबी पत्नी अनिल कुमार, रंजना देवी पत्नी श्रवण कुमार घायल हो गए। सभी को सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया। चिकित्सक ने सुनील कुमार और रामकुमारी को गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया है।

पीड़ित राम प्रसाद पुत्र भगवानदीन निवासी मदारखेड़ा मजरे नीवा ने आरोप लगाया कि विपक्षी बृजेश सिंह पुत्र रामलखन सिंह, हरिसेवक सिंह पुत्र रामलखन सिंह, नान्हू सिंह पुत्र रामलखन सिंह, बल्लू सिंह पुत्र रामलखन सिंह, ओम सिंह पुत्र हरिशरण सिंह, उज्ज्वल सिंह पुत्र बल्लू सिंह, करन सिंह पुत्र नान्हू सिंह, लालू सिंह पुत्र अज्ञात निवासीगण मदारखेड़ा मजरे नीवा ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इसके पहले विवाद की सूचना पर मौके पर मय पुलिस बल के साथ बछरावां थाना प्रभारी पहुंचे, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे विरोधियों ने जानलेना हमला कर दिया। इस बाबत थाना प्रभारी बछरावां श्याम कुमार पाल ने बताया कि शिकायत मिली है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय दौतरा को स्वच्छता का ताज

- शिक्षकों के प्रयास से स्वच्छता के मामले में बेहतर काम करने पर मिला मुकाम

महराजगंज (रायबरेली)



प्राथमिक विद्यालय दौतरा। अमृत विचार



शिक्षकों के साथ मौजूद बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साफ-सफाई से लेकर अपने आवरण के मामले में प्राइवेट विद्यालयों को पीछे छोड़ने वाले प्राथमिक विद्यालय दौतरा को बड़ी उपलब्धि मिली है। अब प्राथमिक विद्यालय दौतरा ने स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएचवीआर) 2025-26 में प्रदेश स्तर पर विजेता बना है। पूर्व में यह विद्यालय जनपद स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर चुका है।इस उपलब्धि के साथ विद्यालय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए पात्र हो चुका है।

विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएचवीआर) के मानक में सुरक्षित पेयजल व जल संरक्षण, शौचालय के स्वच्छता, उपलब्धता और नियमित रखरखाव, साबुन से हाथ धोना यानि बच्चों में नियमित हैंडवॉश की आदत बनाना आदि प्रमुख रूप से रखा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर चयन के पश्चात अब राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाएगा।

इस उपलब्धि पर शिक्षक आशीष प्रताप सिंह, विष्णु साहू, संजीव कुमार बाजपेई, सुषमा पाण्डेय, शेष दत्त गुप्ता का विशेष योगदान रहा है, और ये सभी शिक्षक अब राष्ट्रीय स्तर की तैयारी में सक्रिय रूप से जुट गए हैं। इसके साथ ही ग्राम प्रधान संदीप कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष अजय कुमार मौर्या के साथ ही बच्चों की अहम भूमिका रही है। खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने बधाई देते हुए कहा कि प्रा. विद्यालय दौतरा ने स्वच्छता और हरित वातावरण के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। जनपद में प्रथम और प्रदेश में विजेता बनकर विद्यालय ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

**राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की हर किसी को आस:** स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएचवीआर) मूल्यांकन प्रतियोगिता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप विद्यालयों में स्वच्छता, हरित वातावरण, व्यवहार परिवर्तन और सतत रखरखाव को बढ़ावा देता है। इसका मूल्यांकन जिला, राज्य व केंद्र शासित प्रदेश और राष्ट्रीय-तीन स्तरों पर चरणबद्ध प्रक्रिया से किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर जीतने वाले शीर्ष 200 विद्यालयों को केंद्र सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एचएचवीआर) पुरस्कार 2025-26' से सम्मानित किया जाएगा।

> प्राथमिक विद्यालय दौतरा की यह सफलता पूरे जनपद के लिए प्रेरणास्रोत है। यह शिक्षकों की कड़ी मेहनत से हो सका है। विश्वास है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी विजेता बनेंगे।
>
> -राहुल सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली।

## न्यूज ब्रीफ

### ताला तोड़कर घर से हजारों की चोरी

**महराजगंज:** चंदापुर थाना क्षेत्र टीसाखानापुर गांव निवासी राजेश अपने पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली में मजदूरी करते हैं। शनिवार रात उनके घर के दरवाजे पर लगे ताला व कुंडी तोड़कर अज्ञात चोर घुस गए। घर के अंदर रखे बक्से से करीब 50 हजार के जेवरात और 20 हजार रुपये उठा ले गए। ग्रामीणों ने सूचना राजेश को दी। राजेश ने मोन ग्राम निवासी उसकी बहन मगन देवी को उसके घर जानकारी के लिए भेजा। राजेश के घर पहुंची मगन देवी ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### लापता किशोर को पुलिस ने किया बरामद

**जगतपुर:** थाना क्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी किशोर आदित्य उर्फ कल्लू को पुलिस ने बरामद कर लिया। वह सात फरवरी को भैंस चराने गया था। इसी दौरान उसकी भैंस अचानक लापता हो गई, जिससे वह घबरा गया और घर वापस नहीं लौटा। रविवार को पुलिस टीम ने जगतपुर बाईपास के पास से खोज निकाला। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि बरामद किशोर को आवश्यक पूछताछ के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

### किशोरी ने की आत्महत्या

**सलोन:** कोतवाली अंतर्गत ग्राम रेवहारा निवासी सुखराम की पुत्री अनुराधा (13) का शव शनिवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। परिजनों ने किशोरी को फांसी के फंदे से उतारकर सीएचसी सलोन पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया की घटना में किसी प्रकार की तहरीर नही प्राप्त हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### शराब पार्टी में मारपीट युवक घायल

**महराजगंज:** कोतवाली क्षेत्र के कोटवा मदनिया गांव में शनिवार देर रात शराब पार्टी के दौरान नशे में धुत दो युवकों में बीच-बचाव करने पहुंचे एक अन्य युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार रात रामपुर कोला गांव निवासी शिब्बू और बृजेश कोटवा बाजार में सड़क किनारे बैठकर शराब पी रहे थे। किसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। शोर सुनकर गांव का ही रहने वाला अनुज मौके पर पहुंचा और समझाने की कोशिश करने लगा। आरोप है कि नशे में धुत आरोपियों ने पहले अनुज को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और फिर उस पर चाकू से हमला कर दिया।

# आग से खाक हुआ मॉल, 50 लाख की क्षति

**ऊंचाहार में बीती रात करीब दो बजे लगी आग से मची अफरा-तफरी, घंटों जूझती रहीं तीन दमकल गाड़ियां**

ऊंचाहार (रायबरेली)



आग को काबू करते सीआईएसएफ कर्मचारी।





अग्निकांड के बाद मॉल के सामने लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर के मुख्य चौराहा स्थित फ्रेस सुपर मार्केट अग्निकांड का शिकार हो गया। शनिवार की रात मॉल में अचानक लगी आग से पूरा मॉल जलकर खाक हो गया। दमकल की तीन गाड़ियों ने मिलकर किसी तरह आग पर काबू पाया है। इस अग्निकांड में करीब 50 लाख रुपये की क्षति का अनुमान है ।

यह घटना शनिवार की रात करीब दो बजे के बाद की है। नगर के मुख्य चौराहा पर दंत चिकित्सक डॉ महेंद्र वर्मा का मॉल है। फ्रेस सुपर मार्केट के नाम से संचालित इस मॉल में कई लाख का माल भरा हुआ था। बताया जाता है कि रात करीब दो बजे के बाद इस मॉल में अचानक आग लग गई। जब आग लगी तो आसपास के लोग गहरी नींद में थे, इसलिए किसी को भनक तक नहीं लग सकी। यही नहीं मॉल की तीसरी मंजिल पर मालिक का परिवार भी रहता है। आग ने जब विकराल रूप धारण किया और धुएं का गुबार निकलकर आसमान में छाने लगा, तब किसी की नजर पड़ी। उसके बाद हड़कंप मच गया। सूचना पाकर एनटीपीसी से सीआईएसएफ की दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आग इतनी विकराल थी कि उस पर नियंत्रण पाना संभव नहीं हो पा रहा था। उसके बाद सलोन से अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी और आ गई। तीनों दमकल गाड़ियों ने मिलकर आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश में लगी रही।

दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर बिल्डिंग की तीसरी मंजिल में मौजूद लोगों को सकुशल बाहर निकाला। काफी मशक्कत के बाद सुबह करीब साढ़े सात बजे आग पर काबू पाया जा सका। तब तक पूरा मॉल जलकर राख में तब्दील हो चुका था। यही नहीं पूरी बिल्डिंग तपने लगी थी। भवन के खिड़की दरवाजे तक जलकर राख हो गए थे। इस अग्निकांड में करीब 50 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। वैसे सही नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

**सीआईएसएफ कर्मियों ने दिखाया साहस:** आग पर काबू पाने में एनटीपीसी से आए सीआईएसएफ के कर्मचारियों ने अदम्य साहस दिखाया। दमकल टीम मौके पर जब पहुंची तो आग बहुत विकराल रूप ले चुकी थी। मॉल के गेट तक जाने का कोई साहस नहीं कर पा रहा था। ऐसे में सीआईएसएफ कर्मचारियों ने साहस कर दिखाते हुए पानी की बौछार करते हुए आगे बढ़े और धीरे धीरे अंदर प्रवेश कर गए।

### आसमान में छा गया था धुएं का गुबार

मॉल में लगी भीषण आग को और गति देने में मॉल के अंदर रखे ऑयल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । जिसके कारण आग ने विकराल रूप धारण किया । बताया जाता है कि विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगी थी। आग से निकले धुएं का गुबार ऊंचाहार चौराहा में पूरी तरह छा गया था। आसमान में हर ओर धुआं ही धुंआ था। मौके पर पुलिसकर्मी भी पहुंचे और उन्होंने हालात को काबू करने में मदद की।

# राजा इलेवन ने रीशू इलेवन को हराकर कप पर जमाया कब्जा



विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। अमृत विचार

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत देहली में आयोजित पीटीआर प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बड़ा ही रोमांचक रहा। फाइनल में राजा इलेवन पतौना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रीशू इलेवन शिवदयाल खेड़ा को 141 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया।

फाइनल मुकाबले में रीशू इलेवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजा इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर विशाल 250 रन बनाए। टीम की ओर से आदर्श रॉकी ने 60 रनों की बेहतरीन पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीशू इलेवन की टीम 14वें ओवर में मात्र 109 रनों पर सिमट गई। राजा इलेवन ने एकतरफा मुकाबले में 141 रनों से जीत दर्ज की। आदर्श रॉकी को मैन ऑफ द मैच तथा रीशू इलेवन के क्षितिज को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ एमएलसी प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा ने किया। पुरस्कार वितरण लक्ष्मीकान्त रावत, राकेश कुमार रावत, रामू वर्मा, कृपाशंकर रावत व दिनेश सिंह भदौरिया, पूर्व प्रधान जितेंद्र वर्मा ने किया। आयोजन रवि वर्मा, तनुज वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा व अमित कुमार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में रामू वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# हादसों में महिला सहित तीन की मौत

- बाइकों की टक्कर में दो, ई-रिक्शा पलटने से महिला की गई जान तीन लोग गंभीर

लालगंज (रायबरेली)



अस्पताल में मृतकों से लिपटकर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया।

पहला हादसा लालगंज नगर के गांधी चौराहे के पास हुई, जहां पिलखा गांव की भानुमती (55) पत्नी जगतपाल ई-रिक्शा से जा रही थी। तभी किसी वाहन की टक्कर लगने से रिक्शा पलट गया और महिला की मौत हो गई। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना लालगंज नगर के ही गांधी चौराहे पर हुई, जिसमें बेहटा चौराहा लालगंज निवासी पार्थ अग्रहरि स्कूटी से अपने घर जा रहे थे, कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।। वहीं तीसरी सड़क दुर्घटना लालगंज-गेगासो नेशनल हाईवे पर आनापुर मोड़ के निकट हुई है। दुर्घटना में दो बाइके आमने-सामने टकरा गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल होगए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रावतपुर कला निवासी राम प्रसाद( 25) पुत्र रामकरन, तेज बहादुर( 30) पुत्र छेदीलाल और मंगा खेड़ा सेमरपहा निवासी धुन्नर (35 ) पुत्र रामनाथ बाइक से लालगंज की तरफ से दो सड़का की तरफ जा रहे थे। वहीं दूसरी तरफ से मोटरसाइकिल से महेंद्र सिंह ( 55) पुत्र रामराज सिंह गेगासो गंगा घाट से अंतिम संस्कार में शामिल होकर लौट रहे थे। दोनों बाइके आमने-सामने भिड़ गई, जिससे तेज बहादुर और महेंद्र सिंह की मौत हो गई। वहीं राम प्रसाद और धुन्नर गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते है कि पल्सर बाइक सवार गलत साइड से थे, जिसके चलते दुर्घटना हो गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

**अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, रायबरेली:** भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत हो गई। शनिवार की शाम विनोद (50) पुत्र रामसेवक निवासी जहानपुर कोडर बाजार से घर वापस जा रहा था। बाईपास पर पहुंचते ही अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इससे वह गंभीर रूप घायल हो गया। जानकारी होते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने एम्स रेफर कर दिया। एम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। मुंशीगंज चौकी प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सख्ती

**शहर कोतवाली पहुंचकर देखी हकीकत, जगतपुर और सलोन थाने का भी किया निरीक्षण**

# एसपी के निरीक्षण से महकमे में खलबली, फरियादियों से की बात

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने में माहिर नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आते ही तेवर दिखाने शुरू कर दिए। शनिवार देर शाम अचानक शहर कोतवाली पहुंच गए। यहां पर कोतवाल शिवशंकर सिंह समेत मातहतों से व्यवस्था की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी कीमत पर फरियादियों को न्याय से वंचित नहीं होने दिया जाए।

इससे पहले किरण बहुउद्देशीय हॉल मे जिले के सभी थानेदारो के साथ पहली बैठक की। सभी को सरकार के मापदंडों और बेहतर पुलिसिंग के लिए निर्देशित किया। अपराध रोकने और महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके बाद शहर कोतवाली पहुंचे। निरीक्षण में अभिलेखों के रखरखाव व महिला जागरूकता को लेकर सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओ के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जीरो टोलरेंस नीति व कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने के साथ निष्ठापूर्वक जिम्मेदारी के निर्वहन का पाठ पढाया। उन्होने शासन की मंशा के अनुरुप अपराध एवं अपराधियों के प्रति जीरो टोलरेंस नीति व जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जगतपुर थाना और सलोन कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने मिशन शक्ति केंद्रों को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया। महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित शिकायतों का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। पीड़िताओं को तत्काल सहायता व साइबर अपराध के बारे मे जन जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किये जाने के संबंध में निर्देशित किया। एसपी रवि कुमार ने यक्ष एप, त्रिनेत्र एप का प्रभावी रूप से उपयोग औरआईजीआरएस पर जन शिकायत का समयबद्ध तरीके से त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया। सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी चेकिंग, रात्रि गश्त, पीआरवी एवं बीट प्रणाली को और मजबूत करने पर जोर दिया।



शहर कोतवाली में अभिलेखों की पड़ताल करते पुलिस अधीक्षक रवि कुमार।

### एसपी ने लापरवाही पर प्रभारी को लगाई फटकार

**जगतपुर (रायबरेली)।** नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने रविवार को जगतपुर थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों की जांच की और महिला अपराध से जुड़े मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गुमशुदगी के दर्ज मुकदमे में महिलाओं की बरामदगी न होने पर थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी को कड़ी फटकार लगाते हुए शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आवागंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, मालखाना, बंदीगृह, महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति कक्ष का जायजा लिया। साइबर अपराध से संबंधित मामलों की जानकारी भी प्राप्त की। वहीं थाने पहुंचे फरियादियों से बातचीत कर उनकी शिकायतें सुनीं और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क पर दर्ज शिकायतों की स्थिति की समीक्षा की। पुलिस कर्मियों को फरियादियों के साथ मित्रवत व्यवहार रखने के लिए भी कहा।

### सेंट जेवियर स्कूल में प्रथम प्रवेश परीक्षा संपन्न

**लालगंज (रायबरेली), अमृत विचार।** सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल लालगंज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। विद्यालय की ओर से प्रवेश परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, पारदर्शी, अनुशासित एवं सुचारु ढंग से संपन्न कराया गया। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की सुविधा, अभिभावकों के लिए मार्गदर्शन, बैठने की व्यवस्था एवं आवश्यक निर्देशों का विशेष ध्यान रखा गया। विद्यालय प्रबंध निदेशक प्रशांत चंद्र, शैक्षणिक निदेशक देवेंद्र झा, प्रबंधक करुणेश सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. अभिनाश कुमार ने कहा कि सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल को प्राप्त अभिभावकों का यह विश्वास और भारी सहभागिता हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन विद्यालय की सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली, अनुभवी शैक्षणिक टीम एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल प्रवेश देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन समेत सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच प्रदान करना है। विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करता रहेगा।



स्कूल में प्रवेश परीक्षा देते बच्चे।

### कंबल पाकर जरूरतमंदों के खिले चेहरे

**लालगंज (रायबरेली)।** इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं बैसवारा विकास समिति के अध्यक्ष बैसवारा के प्रमुख समाजसेवी मुकेश सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी रीना सिंह ने मधुकरपुर गांव में गरीब, निराश्रित एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस अवसर पर उन्होंने मौजूद लोगों को आश्वस्त किया कि मधुकरपुर मेरा ननिहाल है और यहां के सभी लोग मेरे अपने हैं उन्होंने कहा हमने सदैव अपनों के बीच में समाज सेवा के माध्यम से लोगों की सेवा करने का कार्य किया है। संपूर्ण बैसवारा मेरा अपना परिवार है और परिवार के दुख सुख में मैंने सदैव बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। लोगों के बीच चर्चा थी कि शायद मुकेश सिंह या उनकी पत्नी रीना सिंह विधानसभा सरेनी से चुनाव मैदान में उतरेंगी। इस अवसर पर हरि प्रताप सिंह उर्फ राजू ढाबा, अभय प्रताप सिंह उर्फ बउवा, दल बहादुर सिंह, रामदास ,शिवेंद्र सिंह, द्रगपाल यादव, दीपू, रामकृष्ण यादव,चंद्रदत्त द्विवेदी, जयकरन लोधी, बबलू सिंह ,शिव प्रताप यादव, सज्जन सिंह, मुन्ना सोनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संतोष मिश्रा द्वारा किया गया।



कंबल वितरित करतीं रीना सिंह।

### करियर गाइडेंस मेले का हुआ आयोजन



कॉलेज में आयोजित करियर गाइडेंस मेला में मौजूद लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत करियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. मनीष सक्सेना, निदेशक, फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. स्मिता मिश्रा, उपप्रधानाचार्य सुमन सिंह एवं सुनीता सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। संगीत शिक्षिका आकांक्षा सिंह के निर्देशन में छात्राओं ने मुख्य अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद श्रम विभाग सदस्य सुशील गुप्ता, बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच मैनेजर मुकेश सिन्हा, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर राजेश कुमार सिंह, साइकोलाजिस्ट रूमा परवीन, हरेंद्र सिंह, शालिनी, प्रशांत कुमार ने विज्ञान, कला, वाणिज्य, मेडिकल, इंजीनियरिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं, कौशल विकास एवं स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मंच संचालन ऋचा राय ने किया। इस मौके पर डॉ. रजनीश प्रकाश तिवारी, डॉ. महेंद्र सिंह, मधुबाला श्रीवास्तव, साधना सिंह, अंजुम यादव, पूजा सिंह, सविता वर्मा, बृजेश शर्मा, माधुरी कन्नौजी, रचना सिंह, सरोज कुमारी, कंचन यादव, सीमा, माधवी पांडे, पूर्णिमा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भाजपा सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

**महराजगंज (रायबरेली)।** महराजगंज मंडल के शक्ति केंद्र सलेथू की बैठक रविवार को असनी गांव में हुई। मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी ने कहा कि विकसित भारत का सपना मोदी जी का नहीं, देश के 140 करोड़ लोगों का है। भाजपा की पूर्व जिला मंत्री जिला पंचायत सदस्य आरती गौतम ने सभी को 2047 विकसित भारत बनाने में सहयोग के लिए संकल्प दिलाया गया। जिला महामंत्री शरद सिंह, सरोज गौतम एडवोकेट, अमित श्रीवास्तव मण्डल अध्यक्ष, भूपेश मिश्रा, अवधेश मिश्रा, राम प्रकाश गौतम, तुलसी मौर्या आदि ने विचार व्यक्त किए। आयोजक अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रहमत अली ने आभार व्यक्त किया। जन्मेजय सिंह, अनुज मौर्य, नारेंद्र सिंह, शिवम मिश्रा, महादेव लोधी, मनीष सिंह, भोलू सिंह, अमरेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।



शक्ति केंद्र सलेथू की बैठक में मौजूद लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### जनपद स्तरीय बाल उत्सव आज

**रायबरेली :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह के मार्गदर्शन में जनपद स्तरीय बाल उत्सव का कार्यक्रम जिसकी थीम प्रगति 2026 स्वाभिमान और सफलता की ओर मीना मंच के तहत शहर के स्काउट भवन प्रांगण में नौ फरवरी को आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जनपदीय नोडल मीना मंच एसएस पाण्डेय ने दी है। बताया कि इसमें जिले के सभी विकास खंड से चयनित बच्चें शामिल होंगे।

### वाहन की टक्कर से छात्रा घायल

**सिंहपुर (अमेठी) :** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सेमरौता हैदरगढ़ मार्ग पर शनिवार दोपहर को अज्ञात वाहन की टक्कर से एक स्कूली छात्रा घायल हो गई जिसे ग्रामीणों की मदद से सीएचसी हैदरगढ़ ले जाया गया जहाँ डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। क्षेत्र के सेमरौता हैदरगढ़ मार्ग पर भूलईया पुरवा गांव निवासी राम बरन यादव ने बताया कि उसकी बेटी श्रेया प्राइमरी स्कूल टिकरी में कक्षा दो में पढ़ती है। शनिवार को दोपहर में स्कूल के बाहर कुछ सामान लेने गयी थी तभी किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बिटिया गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सीएचसी हैदरगढ़ ले गए थे जहाँ से चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है।

### रतला गांव में निकली कलश यात्रा

**अमेठी :** रविवार को बरतला गांव स्थित श्री मत परमहंस साधना कुटीर में शुरू होने जा रही श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। श्री मत परमहंस साधना कुटीर बरतला में रविवार से शुरू होने जा रही श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा साधना कुटीर से निकलकर पुन: मंदिर पहुंची। साधना कुटीर के प्रबंधक संत दीन तिवारी ने बताया कि आज से शुरू होकर आगामी 21 फरवरी तक श्री शिव महापुराण कथा भागवत रत्न मानस राजहंस डॉ अनिल पाण्डेय व्यास के के कही जाएगी।

# मरीजों के प्रति संवेदनशीलता रखें: सीएमओ

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पीएचसी जेदू मवई में आयोजित स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह। अमृत विचार

### जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 55 मरीजों का हुआ नि:शुल्क उपचार

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** रविवार को जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चण्डेरिया में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का संचालन डॉक्टर इकबाल आरिफ की देखरेख में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य मेले में कुल 55 मरीजों का पंजीकरण कर नि :शुल्क उपचार किया गया, जिनमें 7 गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहीं।मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर के प्रभारी डॉ. संतोष सिंह द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौजूद पैरामेडिकल स्टाफ को आवश्यक निर्देश भी दिए। मेले में सभी स्वास्थ्यकर्मी अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे।डॉ. संतोष सिंह ने बताया कि मेले में आए मरीजों को नि :शुल्क परामर्श, दवाएं और जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इनमें 7 गर्भवती महिलाओं सहित 21 मरीजों की लैब जांच भी की गई। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार और नियमित जांच के प्रति जागरूक करने के लिए आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों की टीम ने विशेष परामर्श दिया। स्वास्थ्य मेले के दौरान फार्मासिस्ट अरुण कुमार मिश्रा समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे।

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले की सभी 30 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 2080 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेठू मवई का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशीलता रखने के दिशा-निर्देश दिए।

मेले में स्वास्थ्य की जांच के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आम लोगों तक सुनिश्चित हुई। मेले में स्वास्थ्य जांच के बाद जिन 14 मरीजों को गंभीर पाया गया, उन्हें आगे के इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में रेफर किया गया है। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ देखभाल मिल सके। इसी क्रम में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अंशुमान सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जेठू मवई का निरीक्षण किया। उन्होंने मेले के संचालन, व्यवस्थाओं और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता से सेवा देने के निर्देश दिए। इस मेले का उद्देश्य लोगों को अपने घर के निकट ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों की प्रारंभिक पहचान कर उनका निवारण करना है।

# व्यापारी समाज में रोष, प्रशासन से की कार्रवाई की मांग



बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष दीपक अग्रहरि व मौजूद अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

- प्रयागराज से लौट रहे व्यापारी से लूट के मामले में आक्रोश

**अमृत विचार।** प्रयागराज से लौट रहे अमेठी के प्रतिष्ठित व्यापारी रितेश मौर्या से प्रतापगढ़ की सीमा में स्थित गंजेड़ा जंगल क्षेत्र के पास दिनदहाड़े सशस्त्र लूट की घटना हुई है। अपराधियों ने गाड़ी रोककर करीब 3 किलो चांदी और 9 लाख रुपये नकद लूट लिए। यह घटना व्यापारियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने इस लूटकांड की कड़ी निंदा की है। संगठन के अध्यक्ष दीपक अग्रहरि ने अमेठी और प्रतापगढ़ के प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सीमावर्ती इलाकों में व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है।

व्यापार मंडल ने मांग की है कि लूटकांड का शीघ्र खुलासा हो, अपराधियों की गिरफ्तारी हो, और हाईवे व जंगल क्षेत्रों में स्थायी पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था लागू की जाए। साथ ही, व्यापारी वर्ग की सुरक्षा हेतु विशेष योजना बनाने और पीड़ित व्यापारी को पूर्ण सुरक्षा व न्याय सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।

व्यापारियों के संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो व्यापारी समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। यह घटना अब केवल एक व्यापारी की नहीं, बल्कि पूरे व्यापारी समाज की सुरक्षा का प्रश्न है।

# कपिल कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोनीत

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ में कपिल पाण्डेय को प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अनुमति के बाद, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन बृज मौर्य ने श्री पाण्डेय को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

कपिल पाण्डेय के इस मनोनयन पर कांग्रेस के कई प्रमुख नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। इनमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल, ब्लाक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ल, कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सूर्य भान तिवारी और पूर्व एम.एल.सी. दीपक सिंह शामिल हैं। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव अविनाश



कपिल पांडेय को मनोनयन पत्र सौंपते प्रदेश अध्यक्ष बृज मौर्य।

पाण्डेय ने प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने की दिशा में यह कदम उठाया है। श्री पाण्डेय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ में प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपकर, पार्टी ने जमीनी स्तर पर किसानों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर काम किया है। यह नियुक्ति आगामी चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस की संगठनात्मक तैयारियों का हिस्सा मानी जा रही है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए रोमांचक मुकाबले

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**प्रतियोगिता**

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पूरे गुलाम हैदर गांव में आयोजित पीजीएच हैंड्रम नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत शनिवार रात चार रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शनिवार रात टूर्नामेंट के पहले क्वार्टर फाइनल का शुभारंभ जोनल कमिश्नर जीएसटी भूपेंद्र शुक्ला ने फीता काटकर किया। आयोजन समिति ने उन्हें बड़ी माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर भूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है, जिससे अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया और आयोजकों की सराहना



फीता काटकर मैच का उद्घाटन करते जीएसटी कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ला।

की। वहीं टूर्नामेंट के दौरान पहला मुकाबला सोएब 11 और हडगड़वा के बीच 6-6 ओवर का खेला गया। हडगड़वा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 43 रन बनाए। जवाब में सोएब 11 ने 2 विकेट खोकर मात्र 5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया।

दूसरा मैच समीर 11 और भददौर के बीच खेला गया, जिसमें समीर 11 ने 45 रन से शानदार जीत दर्ज की।

तीसरा मुकाबला धराये और पूरे काजिम अली के बीच हुआ, जिसमें पूरे काजिम अली ने 3 रन से जीत हासिल की। चौथा और पहला क्वार्टर फाइनल मैच समीर 11 और पूरे काजिम अली के बीच खेला गया। पूरे मलिक ने टॉस जीता। पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे काजिम अली ने निर्धारित 6 ओवर में 47 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए समीर 11 ने 2 विकेट खोकर 5 ओवर में ही मैच जीत लिया और क्वार्टर फाइनल में विजय हासिल की।

इस मौके पर अलताब, रवि तिवारी, सज्जन पाठक, ग्राम प्रधान डॉ. इकबाल, जाहिद उल्ला, मो. आतिफ, आरिफ, साबिर, एहसान उल्ला, महफूज अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

### विश्व मिर्गी दिवस पर किया गया जागरूक

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** रविवार को विश्व मिर्गी दिवस पर संकट मोचन मंदिर से मुराई बाग तक जन जागरूकता रैली निकाली गई। अपोलो मेडिकल्स हॉस्पिटल लखनऊ के न्यूरोलॉजी स्पेशलिस्ट डॉ. प्रदीप गुप्ता के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मिर्गी रोग को लेकर लोगों में फैली हुई भ्रांतियां एवं उनके उपचार के विषय में लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज संभव है। लोग जागरूकता के माध्यम से इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं। अंकल जी हेल्थ केयर द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य इस रोग से लोगों के प्रति फैली हुई भ्रांतियां को दूर करना था। चिकित्सकों की माने तो यह कोई इलाज बीमारी नहीं है। यदि समय रहते एवं उचित इलाज किया जाए तो इस पीड़ित रोगी अपना सामान्य जीवन जी सकता है। लखनऊ से आए रेडियो मिर्ची आरजे प्रतीक ने संगीत के माध्यम से लोगों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने हाथ में जागरूकता संदेश लेकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके शीतला गुप्ता, सीएचसी डलमऊ के चिकित्सा अधिकारी अभिषेक सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष पं. बृजेश दत्त ने सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. प्रियंका गुप्ता, अंजली गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, राहुल गुप्ता, दिव्यानंद महाराज, राम गोपाल वैश्य, घनश्याम, संदीप मिश्रा, सुधांशु त्रिवेदी, गणेश साहू आदि मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ मेले का शुभारंभ

**जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के भगीरथपुरम्, रानीगंज में पंडित राम लखन उपाध्याय की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री शिव महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ एवं विराट मेले का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, जो कथा स्थल से आमघाट तक निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी भाई–बहन, माताएं एवं श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन के अंतर्गत श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 9 फरवरी 2026 से 16 फरवरी 2026 तक प्रतिदिन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। कथा वाचन परम पूज्य अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास विनय प्रिय त्रिपाठी 'मधुकर' जी महाराज, पीठाधीश्वर श्री हनुमत सिद्धपीठ, अयोध्या धाम द्वारा किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ–साथ सांस्कृतिक एवं खेल आयोजनों की भी भव्य श्रृंखला आयोजित की जा रही है। कार्यक्रमों में रामलीला प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से, पुरुष दंगल प्रतियोगिता 10 फरवरी (मंगलवार), महिला दंगल प्रतियोगिता 11 फरवरी (बुधवार), घुड़दौड़ प्रतियोगिता 15 फरवरी (रविवार), मौत का कुआं 8 से 16 फरवरी, तथा झूला व मेले की दुकानें 8 से 16 फरवरी तक लगेंगी। इसके साथ ही महाशिवरात्रि पर्व भी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा।आयोजन में आर.एल. उपाध्याय, अमर उपाध्याय, समर उपाध्याय, जय नरेश उपाध्याय एवं शिवम् उपाध्याय का विशेष सहयोग बताया गया है। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शिव नरेश उपाध्याय हैं, जिनके साथ ग्रामवासी एवं मित्रगण आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कलश यात्रा एवं शुभारंभ अवसर पर शिव नरेश उपाध्याय, शिवम उपाध्याय, डॉ. प्रदीप तिवारी, डॉ. प्रजा बाजपेई, सुरेश पासी, विधायक सचिन उपाध्याय, दीपचंद कौशल सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं।

### श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग से गूंजा पंडाल

**अमेठी, अमृत विचार।** नरैनी पूरे वासुदेव पांडेय में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनते ही पूरा पंडाल भक्ति में सराबोर हो गया। कथा व्यास दंडी स्वामी विनोदानंद महाराज ने अपने खास अंदाज में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम स्थल जय श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा। महाराज जी ने बताया कि रुक्मिणी जी की अटूट श्रद्धा और सच्चे प्रेम ने ही भगवान श्रीकृष्ण को उन्हें वरण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से की गई भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती, भगवान अपने भक्तों पर अवश्य कृपा करते हैं। कथा के मुख्य यजमान रामधीरज पांडेय और उनकी पत्नी मंजुला पांडेय ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की। कथा सुनने आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और देर तक भक्ति रस में डूबे रहे। आयोजन स्थल पर पूरे दिन भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

### कालिया दहन की सुनाई गई कथा

**अमेठी, अमृत विचार।** सहजीपुर गांव में चल रही संगीतमयी श्रीमदभागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास ने कालियादहन के साथ क्षिति,जल,पावक ,गगन और समीर को पवित्र करने की बड़ी ही रोचक कथा सुनाई। कथा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों की मौजूदगी रही। रविवार को भागवत कथा के पांचवें दिन वृन्दावन धाम से आए कथा व्यास शुभम जी महाराज ने यमुना नदी को पवित्र करने वाली बड़ी ही रोचक कथा कालिया दहन की सुनाई। कथा व्यास ने कहा कि यमुना में कालिया नामक नाग के विष के प्रभाव से संपूर्ण जल विषैला हो गया था,जिसे शुद्ध करने के लिए ही भगवान श्री कृष्ण ने गेंद को खोजने के बहाने कालिया दहन की रचना बनाई। कथा व्यास ने कहा कि इसी तरह से भगवान श्री कृष्ण ने इसी तरह से विविध रचनाओं से क्षिति,जल, अग्नि, गगन और समीर को पवित्र करने की कथा सुनाई। कथा यजमान सियाराम मिश्र एवं शेष कुमारी तथा सह यजमान अमित मिश्र ने आए हुए लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्र के विशिष्ट जनों में जिला प्रचारक पवन कुमार,अंबिका पाण्डेय,काशी प्रसाद तिवारी, मदन तिवारी शरद शंकर मिश्र के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बच्चों ने दी नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति



समारोह के दौरान डॉ. दीप्ति शुक्ला को सम्मानित करते कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश व उपप्राचार्य डॉ. गोमती एम।



कार्यक्रम में प्रमाण पत्र के साथ मौजूद बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**आयोजन**

- इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज का वार्षिक समारोह सम्पन्न

**अमृत विचार।** मुंशीगंज स्थित इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में वर्ष 2025 का द्वितीय वार्षिक शैक्षणिक समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समर्पण इंस्टिट्यूट लखनऊ की प्रधानाचार्य एवं उपाध्यक्ष डॉ. दीप्ति शुक्ला तथा विशिष्ट अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी के डॉ. सौरभ सिंह रहे।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, वंदना गीत और स्वागत नृत्य से हुआ। छात्रों ने राजस्थानी, कश्मीरी और संबलपुरी लोकनृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी। प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बेनजीर ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने संस्थान के शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर प्रसन्नता जताते हुए उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया। डॉ. दीप्ति शुक्ला ने कॉलेज को प्रदेश का अग्रणी संस्थान बताते हुए आधुनिक सुविधाओं और बेहतर प्लेसमेंट की सराहना की तथा नर्सिंग शिक्षा में नैतिक मूल्यों और गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। डॉ. सौरभ सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की भूमिका को रीढ़ बताया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने वार्षिक शैक्षणिक व प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रस्तुत की और भविष्य सुधार पर चर्चा की। अंत में वर्ष 2026 का नया शैक्षणिक कैलेंडर वितरित किया गया। संचालन कीर्ति मिश्रा व हर्षिता त्रिपाठी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पियूष गुंजन ने प्रस्तुत किया।

# बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव "संस्कृति"

हरचंदपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव "संस्कृति" धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबन्ध समिति प्रबंधक विनोद कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. संतलाल (मुख्य भाषा सलाहकार देवास्ता टैक्टकल सॉल्यूशंस) के द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रणेता बाबू लालता प्रसाद श्रीवास्तव व माता जी के स्वरुप पर माल्यापर्ण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

कक्षा यूकेजी के सरफराज , अयांश, आयु गुप्ता, शिव साहू, आराध्य, अविका सिंह, स्तुति , साक्षी, वेद सिंह, आरोही, अक्षिता चौरसिया, सानवी सिंह, अक्षय रावत, तक्ष चौधरी, श्रेष्ठ, प्रकुल ने प्रतिभाग लिया ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। कक्षा एलकेजी की नित्या, अनिका, अनया, अनुप्रिया शुक्ला, शान्वी कनौजिया, पियुषिका, अन्वी, अक्शा बानो आदि ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथि हरचंदपुर सामुदायिक केंद्र के डॉ मलय श्रीवास्तव, डॉ. पूजा सिन्हा, पीएल आदर्श, महेश त्रिवेदी, वंदना कश्यप, रायबरेली कोचिंग एसोसिएशन के आलोक श्रीवास्तव, शक्ति ओझा, धीरज श्रीवास्तव आदि का स्वागत कक्षा 9 की छात्राओं अंशिका वर्मा, प्रिया, तान्या, साक्षी



वार्षिकोत्सव "संस्कृति" में सम्मानित लोग।

कनौजिया, साक्षी सिंह, शुभी, खुशी, समीक्षा, स्वाति विक्रम, शीतल विक्रम ने किया। संच का संचालन छात्रा स्तुति वर्मा और उमैमा ने किया।

विद्यालय का प्रांगण बच्चों के द्वारा बनाई हुई कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान बने सेल्फी पॉइंट आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय के विशिष्ट सलाहकार अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ से किया। प्रधानाचार्या सपना श्रीवास्तव ने कहा कि हमको अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए सबसे पहले सभी कार्य को समय और अनुशासित रहकर करना होगा। इस दौरान कक्षा 3, 4 ओर 5 की छात्राओं द्वारा 'भारतीय पर्व' पर जनवरी से दिसम्बर तक के सभी पर्वों पर प्रस्तुति दी। उप प्रधानाचार्या साजिया, मोनिका, स्नेह, सीता, सोनाली, प्रतिभा, नेहा, ज्योति, श्रद्धा, सुनैना, नीलू, पारुल शुक्ला, प्रिया, अंजलि, दीपा, सिम्मी, लवकुश, पवन शर्मा, मोहित सिंह रहे।

**आस्था** संरक्षक शैलेंद्र अग्निहोत्री बोले–पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट की ओर से महाशिवरात्रि पर निकलेगी भव्य शिव बारात

# आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है महाशिवरात्रि

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** पहलवान वीर बाबा शिव मंदिर ट्रस्ट की ओर से आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात, नगर भोज, सांस्कृतिक झांकियां, नृत्य प्रस्तुति एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज गेट संख्या-3 पर होगा। यह जानकारी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक शैलेंद्र अग्निहोत्री ने रविवार को पत्रकारों से रूबरू होने के दौरान दी।

कहा कि महाशिवरात्रि केवल पर्व नहीं बल्कि आस्था,संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।शिव बारात व भंडारे के माध्यम से हम समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।ट्रस्ट का उद्देश्य सेवा,सहयोग और सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाना है।अधिक से अधिक श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करें। उन्होंने बताया कि बारात उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में राजकीय कॉलोनी स्थित शिव मंदिर से इंदिरा उद्यान, बरगद चौराहा, मामा चौराहा, नेहरू नगर, इंदिरा नगर मध्य मार्ग से होते हुए आरडीए कांप्लेक्स, डिग्री कॉलेज चौराहा, कैनाल रोड, जिलाधिकारी चौराहा, अस्पताल चौराहा, हाथी पार्क होते हुए पुनः डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित पहलवान वीर बाबा मंदिर पर पहुंचेगी। बारात की आरती व भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके उपरांत बारात डिग्री कॉलेज गेट नंबर 3 पर पहुंचेगी, जहां शिव विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसके साथ ही भजन संध्या निरंतर चलता रहेगा। भंडारे का शुभारंभ कन्याभोज के साथ दोपहर 12:30 बजे से होगा।

बारात में वर पक्ष की तरफ से यजमान के रूप में अजय सिंह जहाजी सपत्नी ज्योति सिंह एवं कन्या पक्ष की तरफ से यजमान सतीश सिंह सपत्नी पूनम सिंह मौजूद रहेंगे। बैठक में महेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री बब्बी शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष विष्णु तिवारी, सुधीर पांडेय (शिब्बू), हरिओम सोनकर, मंत्री प्रशांत कुमार, धीरेंद्र गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, महिला अध्यक्ष रेनू सिंह, विमलेश मिश्रा, शीलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।



महाशिवरात्रि की तैयारी के बारे में जानकारी देते संरक्षक शैलेंद्र अग्निहोत्री।

### साप्ताहिक मानस कथा में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

**शिवगढ़ (रायबरेली), अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत गूढ़ा स्थित लग्गूवीर बाबा मन्दिर प्रांगण में चल रही संगीतमयी साप्ताहिक जगजीवन दास साहब मानस कथा ने भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया है। प्रसिद्ध कथा व्यास नरसिंह दास जी महाराज ने इस विशेष धार्मिक आयोजन के पांचवें दिन शनिवार को अपनी अमृतमयी वाणी से संत जगजीवन दास के जन्म, उनकी अद्वितीय आध्यात्मिक महिमा तथा उनकी जन्मस्थली कोटवाधाम के महत्व का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान सत्यनामी भक्तों की आस्था, साधना और त्याग की मिसालें प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भक्ति रस में डूबे श्रोता तालियां बजाते हुए झूमते नजर आए। यह विशेष धार्मिक आयोजन ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन दोपहर 1 से 3 बजे तक और शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक आस्था का सैलाब उमड़ता है। इस विशेष धार्मिक आयोजन में भक्त कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि 10 फरवरी को विधिवत कथा का समापन होगा। 11 फरवरी को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों के साथ ही दूरदराज से श्रद्धालु शामिल होंगे।



कथा सुनाते नरसिंह दासजी महाराज।

